तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि

रायपुर, शनिवार, 1 नवंबर , 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



14 छोटी दिवाली पर भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों को मिली दोहरी खुशी





13 पुलिस का रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम हर थाने में आयोजित









## खबर संक्षेप

### गांजा के साथ गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध रूप से गांजा बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सफेद रंग के थैले में अवैध रूप से गांजा रखा हुआ था। आईआईटी रोड जेवरा के पास युवक गांजा लेकर खड़ा था। पुलिस ने उसे तुरंत पकड़ लिया। पूछताछ करने पर अपना नाम तीन दर्शन मंदिर के पास दुर्ग निवासी संतोष बारले बताया है। एक प्लास्टिक झिल्ली में 1.600 किग्रा गांजा मिला।

### नशीला कफ सिरप बेचने वालों को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** नशीली कफ सिरप का अवैध कारोबार करने वाले दो युवकों पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दो युवक के पास से एक कार्टून में प्रतिबंधित कफ सीरप जब्त किया गया। पूछताछ करने पर अपना नाम बैगा पारा दुर्ग निवासी वासु चंद्राकर उर्फ गोलू ,गया नगर संजय तिवारी उर्फ सोनू बताया है। आरोपी के निशानदेही पर पुलिस ने एक्टिवा सीजी 07 बीके 7647 में भुरा रंग के कार्टून के भीतर कोडीन सिरप की शीशी पड़ी मिली।

## बिगड़े मौसम ने बढ़ाई किसानों की चिंता, खलिहान में पड़ा है धान, खेतों में खड़ी फसल को काटना हुआ मुश्किल

### दिवाली त्योहार के बाद अरली वैराइटी की फसल की कटाई कर मिंजाई हुई थी शुरू, वह अब बारिश की वजह से रूकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

बिगड़े मौसम ने किसानों को चिंतित कर दिया है। दिवाली के बाद अरली वेरायटी की धान कटाई और उसकी मिंजाई भी शुरू हो गई और धान खलिहान में पड़े हुए हैं। खेतों में भी खड़ी फसलों को काटना है। लेकिन बदली और बारिश के हालात हैं। जिसकी वजह से किसानों ने धान की कटाई बंद कर दी है। जो किसान धान की मिंजाई कर खलिहान में रखे हैं उन्हे बारिश से बचाने जतन कर मौसम खुलने का इंतजार कर रहे हैं। मौजूदाहालात फिर किसानों की फसल को बर्बादी की तरफ ले जा रहा है।

### 15 नवंबर से धान बेचना है किसानों को

प्रदेश सरकार ने इस साल धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू कर रही है। धान खरीदी 31 जनवरी 2026 तक चलेगी। प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से किसानों से धान खरीदी की जाएगी। 3100 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से किसानों से धान खरीदी होगी। धान खरीदी के खरीदी केंद्रों में चबूतरे भी बनाए गए हैं जहां धान का स्टेक लगाया जाएगा।



### मौसम की मार से किसानों को हो रहा नुकसान

**केस वन:** रवेलीडीह के किसान रविप्रसाद ताम्रकार ने अरली वेरायटी की धान कटाई दिवाली मनाने के बाद शुरू की और मिंजाई भी कर ली है। वे बतातें हैं कि खलिहान में धान डंप पड़ा हुआ है। धान में नमी आने की वजह से उसे धूप में सुखाने की जरूरत है लेकिन फिर से बारिश हो रही है। इस स्थिति में धान को बचाने की जुगत लगा रहे हैं। पालीथीन डालकर धान को बचा रहे हैं।

**केस दो :** नगपुरा के किसान पुकेश्वर कुमार साहू ने अरली वेरायटी की धान काटना प्रारंभ किया है। वे बताते हैं कि आठ एकड़ खेत में धान की फसल लगाई है। वे पूरी तरह पककर तैयार हो गई है। दिवाली के पहले लगातार बारिश की वजह से खेत गीली थी जिसकी वजह से फसलों की कटाई नहीं कर पाए थे। अब जब कटाई शुरू की है फिर से बारिश हो रही है। जिससे धान खराब होने की चिंता सता रही है।

**केस तीन:** पुरई के किसान रामेश्वर ठाकुर ने अरली वेरायटी की फसल ली है। वे बताते हैं कि धान बेचने के लिए पंजीयन करवा लिया है। अरली वेरायटी की धान आधे से ज्यादा काटकर खलिहान तक ले आए हैं। मिंजाई भी हो रही थी जिसे अब बारिश के वजह से रोकना पड़ा है। तेज हवाओं की वजह से खड़ी फसल खेतों में लेट गई है। जिससे धान की बालियां टूटकर गिरने लगी है। कटाई में दिक्कतें आएगी।

### 17 प्रतिशत से ज्यादा नमी आई तो नहीं खरीदेंगे धान

खरीदी के लिए जिले में प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है लेकिन बिगड़ते मौसम से किसान दिक्कत में फंस गए हैं। प्रदेश सरकार ने धान में 17 प्रतिशत नमी को ही स्वीकार्य करने का नियम बनाया है। नमी मापने के लिए हर खरीदी केंद्र में आर्द्रता मापक यंत्र भी इस्तेमाल किए जाएंगे। लेकिन जिस हिसाब से बारिश और बदली की स्थिति है वैसे में धान में नमी की मात्रा इस निर्धारित प्रतिशत से बढ़ाना स्वाभाविक है। किसान बताते हैं कि 15 दिनों के भीतर धान खेतों से काटकर खलिहान तक लाने और उसकी मिंजाई भी पूरी कर लेते लेकिन बारिश ने इस काम को प्रभावित कर दिया है। धान में नमी की मात्रा को 28 प्रतिशत करने की जरूरत है।



### नमी की मात्रा 28 प्रतिशत हो

दिवाली के पहले लगातार बारिश हुई है। अरली वेरायटी की धान कटाई और मिंजाई किसान कर रहे हैं। बिगड़े मौसम की वजह से स्वाभाविक है कि धान में नमी की मात्रा बढ़ेगी। इसलिए सरकार से हमारी मांग है कि नमी की मात्रा 17 प्रतिशत से बढ़ाकर 22 प्रतिशत की जाएं जिससे किसानों को राहत मिल सके।

- **झबेंद्रभूषण वैष्णव**, महासचिव छग प्रगतिशील किसान संगठन

### अरली वैराइटी फसल 25 प्रतिशत

हमारे जिले में इस बार 1.34 लाख हेक्टेयर में धान की फसल ली गई है। जिसमें अरली वेरायटी की धान 25 प्रतिशत है। अरली वेरायटी की धान कटाई और मिंजाई की अभी शुरूआत है। बारिश नहीं के बराबर है। ज्यादातर शिकायत खड़ी फसल तेज हवाओं के कारण खेतों में लेट जाने की आई है। - **संदीप भोई**, उपसंचालक कृषि

## बीजेपी भिलाई जिला संगठन की कार्यकारिणी हुई घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई









भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और संगठन मंत्री पवन साय की अनुमति से जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने सूची जारी की है। मनीष अग्रवाल और सुषमा जेठानी को

- **मनीष और सुषमा बने महामंत्री, विनोद सिंह मंत्री**

महामंत्री बनाया गया है। वहीं त्रिलोचन सिंह, चन्ना केशवलु, नटवर ताम्रकार, पूनम शुक्ला, चन्द्रकांता मांडले और गोपाल कृष्ण वर्मा को उपाध्यक्ष बनाया गया है। विनोद सिंह, मनोज तिवारी, पारस जंघेल, रश्मि सिंह, भारती साहू और कुवेर शर्मा को मंत्री की जम्मेदारी दी गई है। शैलेन्द्र सिंह कोषाध्यक्ष, हेमंत देवांगन सह कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। वरिष्ठ नेता योगेन्द्र सिंह कुशवाहा को जिला कार्यालय प्रभारी, तिलकराज यादव सह कार्यालय प्रभारी, आईटी सेल के संयोजक विजय सिंह चौहान, सह संयोजक सुभाष शर्मा और जाकिर हुसैन होंगे। प्रेमलाल साहू और विजय सिंह प्रवक्ता बनाए गए है। सुभाष शर्मा मीडिया प्रभारी, सूरज जायसवाल सह मीडिया प्रभारी, रवि कश्यप सोशल मीडिया प्रभारी, ज्ञानदास मानिकपुरी, रिंकू साहू और दीप पटेल सह सोशल मीडिया प्रभारी बनाए गए है।




# तुलसी विवाह
## देवउठनी एकादशी पर शुभ कार्यों की शुरुआत का प्रतीक

कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी जिसे देव उठनी एकादशी, देवोत्थान एकादशी या प्रबोधिनी एकादशी कहा जाता है हिन्दू धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान विष्णु अपनी चार-मासीय योग-निद्रा (चातुर्मास) से जागते हैं और पुनः सृष्टि के संचालन का कार्यभार ग्रहण करते हैं। इसी पवित्र अवसर पर तुलसी-वृंदा और शालिग्राम (विष्णु का शिला रूप) के उत्सव तुलसी विवाह आयोजित किया जाता है। यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक रूप से भी समृद्ध परंपरा है जो शुभता, संतान-लाभ और वैवाहिक सुख की कामना से जुड़ी हुई है।






### देवउठनी एकादशीः पौराणिक और सांस्कृतिक अर्थ

**भगवान विष्णु का जागरणः** पुराणों के अनुसार भगवान विष्णु चार माह (चातुर्मास) के लिये योग-निद्रा में चले जाते हैं। देवउठनी एकादशी के दिन वे जागकर लोक-पालन का कार्य फिर से आरंभ करते हैं।

**मांगलिक कार्यों का आरम्भः** चातुर्मास के कारण निषिद्ध माने जाने वाले सर्वशुभ कार्य–विवाह, गृह-प्रवेश, मुंडन आदि–देवउठनी के बाद पुनः आरम्भ किए जाते हैं। तुलसी विवाह इन्हीं मांगलिक कार्यों की शुरुआत का प्रतीक है।

### तुलसी विवाहः पौराणिक कथा का सार

**वृंदा और जालंधर की कथाः** वृंदा नामक एक आदर्श पतिव्रता स्त्री के सतीत्व से उनका पति जालंधर अजेय हुआ। देवताओं की सहायता हेतु भगवान विष्णु ने छलपूर्वक जालंधर का विनाश करवाया जिससे वृंदा आहत हुईं।

**वृंदा का श्राप व आत्मदाहः** छल का पता चलते ही वृंदा ने विष्णु को श्राप दे दिया कि वे शिला हो जाएँ (शालिग्राम) और स्वयं ने आत्मदाह किया।

**तुलसी का आविर्भाव और वरदानः** वृंदा के भस्म स्थल से तुलसी का पौधा उगा। भगवान विष्णु ने वृंदा को तुलसी का रूप देकर उसे वरदान दिया कि वह सदैव उनके साथ रहेगी और उनका शालिग्राम रूप उसकी प्रतीकात्मक जोड़ी होगा।

**तुलसी विवाह का अर्थः** इस पवित्र कथा के कारण तुलसी का शालिग्राम से 'विवाह' कराना भगवान के दिए हुए वरदान का निर्वाह और श्रद्धा का संकेत है।

### धार्मिक महत्व और लाभ

**कन्यादान के समान फलः** तुलसी विवाह को उच्च पुण्यकारी माना जाता है। जो दम्पती संतान-सुख की कामना करते हैं, वे इसे कराते हैं।

**वैवाहिक सुख-शांतिः** पारंपरिक मान्यता है कि तुलसी विवाह करने से वैवाहिक जीवन में सौहार्द और समृद्धि आती है।

**पारिवारिक और सामाजिक शुभताः** देवों के जागरण के साथ होते इस अनुष्ठान से घर में और समाज में मंगल-भाव आता है।

### तुलसी विवाह का शुभ समय

**तुलसी विवाह सामान्यतः** कार्तिक मास की शुक्लपक्ष एकादशी (देवउठनी) के दिन किया जाता है। विभिन्न क्षेत्रीय परम्पराएँ थोड़े भिन्न समय-सूचक अपनाती हैं–पर मूल भाव यही है कि यह श्रावक/व्रती के स्थानीय पंचांग अनुसार देवउठनी दिवस पर होना चाहिए।

### पूजा-पद्धति और अनुष्ठान

**आवश्यक सामग्रीः** तुलसी का पौधा, शालिग्राम या विष्णु की मूर्ति, नया वस्त्र, सिंदूर, केसर, पुष्प, धूप-दीप, नैवेद्य (फल, मिठाई), करधनु, गुड़/चावल, पवित्र जल, लाल-पीला वस्त्र।

तुलसी के समक्ष और शालिग्राम के सम्मुख साफ जगह बनाकर आसन रखें। तुलसी के पौधे को सजायें–नवेले वस्त्र, फूल और अगर संभव हो तो साज-सज्जा करें। शालिग्राम या विष्णु-प्रतिमा को पुष्प, पंचामृत और दीप से पूजें।

वरमाला, सिंदूर, मिश्री/नैवेद्य का भोग, और आम तौर पर मंगल-आशीर्वाद लिया जाता है। अंत में प्रसाद का वितरण और भक्तिगीत/भजन होते हैं। आज भी यह परम्परा पारिवारिक और धार्मिक जीवन में अपना स्थान बनाए हुए है। शहरी परिवारों में भी लोग तात्कालिक देवी-देवताओं के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने के लिए तुलसी विवाह कराते हैं–यह परंपरा सांस्कृतिक पहचान को जीवित रखती है। पर्यावरणीय रूप में तुलसी का संरक्षण और उसकी पवित्रता का सम्मान भी इस अनुष्ठान से बढ़ता है–लोग तुलसी का पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने के लिए प्रेरित होते हैं।











| समयावधि | 11 माह | 11 माह | 11 माह | 11 माह | 11 माह |
|---|---|---|---|---|---|
| मासिक किश्त | 500 | 1,000 | 2,000 | 5,000 | 10,000 |
| कुल जमा राशि | 5,500 | 11,000 | 22,000 | 55,000 | 1,10,000 |
| बोनस लाभ | 500 | 1,000 | 2,000 | 5,000 | 10,000 |
| कुल राशि | 6,000 | 12,000 | 24,000 | 60,000 | 1,20,000 |






# 1.05 लाख किसानों ने धान बेचने के लिए कराया पंजीयन, पिछले साल से 1498 कम, 2266 ने नहीं दी व्यक्तिगत जानकारी, होगा सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारी शुरू हो गई है। इसे लेकर शुक्रवार को एग्री स्टैक में पंजीयन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। अब किसानों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी और ऑनलाइन दर्ज रिकार्ड का सत्यापन होगा। इसके अलावा गिरदावरी में सामने आई गड़बड़ी के बाद सत्यापन किया जा रहा है। इन आंकड़ों को मैच करने के बाद किसानों के रकबा और फसल क मान्य किया जाएगा। 9 नवंबर से टोकन बंटना है, वहीं 15 नवंबर से धान खरीदी होनी है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक इस बार 1050126 किसानों ने पंजीयन कराया है, जबकि पिछले साल 106624 किसानों ने पंजीयन कराया था। आंकड़ों के मुताबिक 2266 किसानों की व्यक्तिगत जानकारी अप्राप्त है। 1498 किसानों ने पंजीयन नहीं कराया है। ये वे किसान हैं, जिनकी या तो मृत्यु हो गई है। वारिसान ने फौती नहीं उठाया है। जमीन विक्रय करने के बाद ऑनलाइन अपडेट नहीं हुआ है। या फिर राजस्व न्यायालय में मामला लंबित है। 150 से ज्यादा ऐसे बुजुर्ग हैं, जिनके थम्प इंप्रेशन नहीं मिल रहे थे। उनके प्रकरणों का मैनुवली निराकरण किया जा रहा है। इस बार खरीफी सीजन में 123 खरीदी केंद्रों में धान की खरीदी होनी है।

## अब गिरदावरी और रकबा के आधार का ऑनलाइन होगा सत्यापन, 9 नवंबर से कटेंगे टोकन, 15 से खरीदी

### नोडल अफसर अगले तीन दिनों तक समितियों का करेंगे निरीक्षण

पंजीयन के साथ ही नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अगले दो-तीन दिनों में अपने-अपने केंद्रों का निरीक्षण कर लें। जहां भी कोई कमी हो, उसकी जानकारी दें। उन्होंने कहा कि सभी नोडल अधिकारी एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाएं, ताकि सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान हो सके। मोबाइल नेटवर्क, स्टोरेज की स्थिति और ट्रकों के मार्ग में आने वाली बाधाओं की जांच पहले ही कर ली जाए। कलेक्टर ने कहा कि 36 संवेदनशील केंद्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए। पहली बार नोडल अधिकारी बने अधिकारियों को विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

### जिला सहकारी बैंक ने खोला मॉनिटरिंग सेल

जिला सहकारी बैंक ने किसानों की मदद के लिए मॉनिटरिंग सेल का गठन किया है, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। बता दें कि शासन ने जिला सहकारी बैंक को मॉनिटरिंग एजेंसी बनाया है। इसके बाद से बैंक के कर्मचारियों द्वारा लगातार किसानों की मदद की जा रही है। बैंक के प्रभारी सीईओ हृदेश शर्मा के निर्देशन पर लगातार किसानों को पंजीयन में आ रही दिक्कतों का निराकरण किया गया। वर्तमान में प्रदेश के अन्य जिलों की तुलना में दुर्ग में ऑनलाइन पंजीयन का रिकार्ड बेहतर है। लगभग किसानों का पंजीयन पूरा कर लिया गया है।

### धान खरीदी 5 नवंबर से हो शुरू : आप

आम आदमी पार्टी के प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा है कि सरकार द्वारा धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू किये जाने का फैसला सरकार का गलत निर्णय है। धान खरीदी 5 नवंबर से शुरू की जाए। पिछले 4-5 दिनों की बारिश के कारण धान पानी में भीग गया है और धान इसी तरह अगर 10 -15 दिन रखा रहा तो किसानों को बहुत बड़ा नुकसान होगा। 15 नवंबर तक धान बेंचने का इंतजार करना अब नामुमकिन है । एग्रीस्टेक पोर्टल में प्रदेश में तक 21 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है, जबकि पिछले साल लगभग 28 लाख किसानों ने धान बेचा था। इस बार भी किसानों ने ऋण लेकर खरीफ की फसल बोई है।

## खबर संक्षेप

### ट्रांसफार्मर से हो रही ऑयल चोरी, शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

**भिलाई।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के ट्रांसफार्मर में ऑयल चोरी की घटनाएं बढ़ रही है। लगातार शिकायत के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है। ननकट्ठी विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले भटगांव खार में 100 और 25 केवी के ट्रांसफार्मर से ऑयल चोरी की घटना सामने आई है। इसे लेकर ग्रामीणों ने शिकायत भी की है। स्थानीय लोगों के मुताबिक ऑयल चोरी करने वाले चोरी के ऑयल को संबंधित ऑयल सप्लाई एजेंसी को पहुंचा रहे हैं। लोगों ने मामले में जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### तहसील साहू समाज में लालेश्वर अध्यक्ष, पूरा पैनल निर्वाचित



**जामगांव आर।** साहू समाज का तहसील स्तरीय त्रि वर्षीय चुनाव शुक्रवार को तहसील मुख्यालय पाटन में सम्पन्न हुआ। जिसमें सामाजिक एकता पैनल से लालेश्वर साहू गातापार साहू समाज पाटन तहसील अध्यक्ष चुने गए। विदित हो कि समन्वय नहीं बैठने के कारण चुनाव की स्थिति निर्मित हुई और पुनः अध्यक्ष बनने की इच्छा के साथ दिनेश साहू मैदान में उतरे और 444 मत प्राप्त कर उन्हें असफलता को स्वीकारना पड़ा। चुनाव में अध्यक्ष पद के दावेदार लालेश्वर साहू गातापार दक्षिण पाटन से चुनाव मैदान में उतरे थे। जिसमें लालेश्वर साहू गातापार अध्यक्ष को 762 मत, डुलेश्वर साहू मटंग उपाध्यक्ष पुरुष को 630 मत, श्रीमती विमला साहू सेलूद उपाध्यक्ष पद महिला 688 मत, सुरेंद्र साहू पाहंदा संगठन सचिव पुरुष 731 मत और श्रीमती भुनेश्वरी साहू कुम्हली संगठन सचिव महिला 631 मत प्राप्त कर जीते। भक्त माता कर्मा पैनल के सभी प्रत्याशी हारे दिनेश साहू (तेलीगुंडरा) अध्यक्ष पद को444 मत किशोर साहू (जामगांव आर) उपाध्यक्ष, (पुरुष) 575 मत अंजिता गोपेश साहू (पतोरा) उपाध्यक्ष (महिला) 507 मत उमेश साहू (अमलेस्वरडीह) संगठन सचिव (पुरुष) 468, लीना साहू (बोरेन्दा) संगठन सचिव (महिला) 569 मत मिले पूरे पैनल को हार स्वीकारनी पड़ी।

### पाटन में होगी भगवत कथा

**पाटन।** नगर पंचायत पाटन अंतर्गत दशहरा मैदान अखरा में 7 दिवसीय भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन 7 नवंबर से नगर पंचायत पाटन के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र कश्यप द्वारा अपना धर्मपली स्व. मीना कश्यप की पुण्य स्मृति में कराया जा रहा है। श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में कथावाचक आचार्य पं. युवराज पाण्डेय जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर /देवभोग जिला-गरियाबंद वाले के मुखारविंद से कथा रसपान होगा।

पदाधिकारी करेंगे विद्यार्थियों के हित मे पैदल मार्च

# शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखने की मांग, पढ़ाई हो रही प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

नवीन शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ ने विद्यार्थियों के हित मे शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखने की मांग उठाई है। संघ के जिला दुर्ग के अध्यक्ष संजीव मानिकपुरी व प्रभारी ब्लॉक अध्यक्ष दीपक साहू ने बताया कि दुर्ग जिले के ब्लॉक दुर्ग के स्कूलो के शिक्षकों की ड्यूटी खेत -खेत जाकर गिरदावली के बाद घर घर जाकर सर्वे करने वाले कार्य बीएलओ मे लगाई गई है। जिससे सरकारी स्कूलो के विद्यार्थियों की पढ़ाई व्यवस्था मे व्यापक प्रभाव पड़ेगा। नवीन शिक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह राजपूत ने कहा कि शिक्षा सत्र 2025-26 को मुख्यमंत्री द्वारा सरकारी स्कूलो मे पढ़ाई व्यवस्था को सुधारने के लिये मुख्यमंत्री गुणवत्ता वर्ष घोषित किया गया है लेकिन लगातार शिक्षकों की ड्यूटी अन्य गैर शैक्षणिक कार्यों मे लगाकर इस गुणवत्ता वर्ष में पढ़ाई व्यवस्था को ठप्प किया जा रहा है। इस पर उच्च अधिकारियो को विशेष ध्यान देना चाहिए।

नवीन शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ ने उठाई शासन के समक्ष मांग



प्रदेश सचिव गिरीश साहू, दुष्यन्त कुम्भकार, अमितेश तिवारी ने कहा कि घर - घर जाकर सर्वे करने वाले चुनावी कार्य बीएलओ ड्यूटी मे शिक्षकों को अपने मूल शाला से दस से पंद्रह किलोमीटर दूर वाले गांव या शहर मे अधिकारियो द्वारा लगा दी गई है। जिससे दूसरी जगह ड्यूटी करने वाले शिक्षकों को अपने स्कूल से दूर रहना होगा। जिसका सीधा नुकसान उस सरकारी स्कूल मे पढ़ने वाले विद्यार्थियों को होगा। धमधा ब्लॉक अध्यक्ष संजय शर्मा व पाटन ब्लॉक अध्यक्ष जागेश्वर चंद्राकर ने दुर्ग जिलाधीश से अपील करते हुए कहा है कि सरकारी स्कूलो मे युक्तियुक्तकरण के बाद पहले से ही 2008 सेटअप के अनुसार दर्ज संख्या के आधार पर एक शिक्षक की प्रत्येक स्कूलो मे कमी बनी हुई है अब कई स्कूलो से आधे से अधिक पदस्थ शिक्षकों की ड्यूटी बीएलओ कार्य के लिये लगा देने से सरकारी स्कूलो की पढ़ाई व्यवस्था चरमरा जाएगी। इसलिए विद्यार्थियों के हित को ध्यान मे रखते हुए शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी सहित अन्य गैर शैक्षणिक कार्यों से शासन के निर्देशनुसार मुक्त रखने की मांग की गई है।

प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह राजपूत, प्रदेश पदाधिकारी गिरीश साहू, दुष्यन्त कुम्भकार, अमितेश तिवारी, जिलाध्यक्ष संजीव मानिकपुरी, ब्लॉक अध्यक्ष धमधा संजय शर्मा, पाटन जागेश्वर चंद्राकर, दुर्ग दीपक साहू ने बताया कि सरकारी स्कूलो मे पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के हित मे शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखने की मांग को लेकर जल्दी ही पदयात्रा कर मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व उच्च अधिकारियो को ज्ञापन सौपा जाएगा।

## रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम हुआ हर थाने में जुटे पुलिस परिवार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को दुर्ग जिले के सभी थाना क्षेत्रों में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम लौह पुरुष सरदार वल्लभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर पुलिस विभाग द्वारा आयोजित किया गया था। पुलिसकर्मी, जनप्रतिनिधि, नागरिक और छात्र बड़ी संख्या में शामिल हुए। जिले के अलग-अलग थानों में पुलिस अधिकारियों ने राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। लोगों को अपराध, नशा और साइबर ठगी जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रमों के दौरान साइबर सुरक्षा, ट्रैफिक जागरूकता और नशा मुक्ति जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने व्याख्यान भी दिए। वक्ताओं ने डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया और नागरिकों को अपने डेटा की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन और नशे से दूरी बनाकर एक सुरक्षित व स्वस्थ समाज के निर्माण का आह्वान किया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने एकता दौड़ में हिस्सा लेकर सरदार पटेल के आदर्शों को याद किया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। यहां एसएसपी विजय अग्रवाल ने मौजूद अधिकारियों और जवानों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई।

## नपा कुम्हारी को मिली 16 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के मुख्य आतिथ्य में गुरुवार 30 अक्टूबर को नगर पालिका कुम्हारी में 16 करोड़ 30 लाख 51 हजार रुपए की लागत के निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद विजय बघेल ने की। वार्ड क्रमांक 15 स्थित अटल परिसर का लोकार्पण करते हुए श्री साव ने पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी द्वारा छत्तीसगढ़ को दिए योगदान के बारे में लोगों को बताया, उन्होंने कहा की छत्तीसगढ़ राज्य से लेकर एम्स जैसी कई सौगातें उन्होंने ही हमे दी है।

- कालेज के बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु 30 लाख, अटल परिसर का किया लोकार्पण



महाविद्यालय के भूमिपूजन समारोह को सम्बोधित करते हुए श्री साव ने बताया कि आज नगर पालिका कुम्हारी के अंतर्गत 11 करोड़ 64 लाख रुपए लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया है। साथ ही 04 करोड़ 65 लाख लागत के स्वर्गीय श्रीमती बिन्देश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय भवन का भूमिपूजन भी संपन्न हुआ है। उन्होंने सांसद श्री विजय बघेल एवं महाविद्यालय की प्राचार्य की मांग का जिक्र करते हुए महाविद्यालय भवन के बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य के लिए 30 लाख रूपए की घोषणा की। सांसद श्री विजय बघेल ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रदेश सरकार का विकास कुम्हारी में दिख रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश चहुंमुखी विकास की ओर बढ़ रहा है। महाविद्यालय की प्राचार्य सोनिता सत्संगी ने स्वागत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, नगर पालिका कुम्हारी अध्यक्ष मीना वर्मा, संजय बघेल, अहिवारा विधायक प्रतिनिधि सतीश सहित जनप्रतिनिधि, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, विद्यार्थी बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने 'वोट चोर-गद्दी छोड़' अभियान चलाया धमधा में

**धमधा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमधा द्वारा चलाए जा रहे "वोट चोर-गद्दी छोड़" हस्ताक्षर अभियान को बड़ी सफलता मिली है। इस अभियान के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने 10,000 फॉर्म, जिन पर आम जनता के हस्ताक्षर हैं, ज़िला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राकेश ठाकुर को सौंपे।



इस अवसर पर ज़िला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के महामंत्री राजीव गुप्ता, जनपद सदस्य जितेंद्र वर्मा, तथा देवरी सरपंच ज्वाला साहू,बूथ अध्यक्ष श्रवण साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। महामंत्री राजीव गुप्ता ने बताया कि यह सफलता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे, ज़िला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, और ब्लॉक अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जनता अब भाजपा की नीतियों से असंतुष्ट है और लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस के साथ खड़ी हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि इतने बड़े पैमाने पर हस्ताक्षर एकत्र होना जनता के बढ़ते विश्वास और राजनीतिक जागरूकता का प्रतीक है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने वोट की चोरी कर सत्ता हासिल की है, लेकिन अब जनता जवाब देने को तैयार है। कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि "वोट चोर-गद्दी छोड़" अभियान आम मतदाताओं को मतदान के महत्व से जोड़ने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने का एक सशक्त माध्यम बन गया है।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर बताए नशे के दुष्परिणाम

**उतई।** दाऊ उत्तम साव शासकीय महाविद्यालय मचांदुर जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। ज्ञातव्य है कि 31अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को चिन्हित करते हुए इस दिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता मेहुरिया की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सहायक उप निरीक्षक चौकी प्रभारी मचांदुर नेमन सिंह साहू एवं आरक्षक सेवक राम धीवर उपस्थित हुए। साहू ने साइबर क्राइम, नशा मुक्ति एवं राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषयों पर स्वयंसेवकों के साथ जानकारी साझा की एवं विद्यार्थी जीवन में नशे से दूर रहने तथा साइबर ठगी से बचने के उपायों से अवगत कराया। इस कार्यक्रम में प्राध्यापकों नीलम संजीव एक्का, डॉ कल्याणी, डॉ नीलम, जागृति चंद्राकर, मुकेश सिन्हा, डॉ रामेश्वरी दास सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी विकास कुमार टांडेकर ने किया।

## निधन

### जनार्दन प्रसाद मिश्रा



**भिलाई।** प्लाट नम्बर 21, क्रॉस स्ट्रीट 01, स्टील कॉलोनी, नेहरू नगर (वेस्ट), भिलाई निवासी एवं कल्याण कालेज भिलाई के पूर्व प्राचार्य जनार्दन प्रसाद मिश्रा का आकस्मिक निधन 31 अक्टूबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 1 नवंबर को उनके निवास स्थल से दोपहर 12 बजे राम नगर भिलाई मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे आलोक मिश्रा, अभिषेक मिश्रा एवं अल्का पाण्डेय के पिता थे।

### गजेंद्र चन्द्राकर



**अंडा।** ग्राम कुथरेल निवासी प्रधान पाठक गजेंद्र चन्द्राकर उम्र 48 वर्ष का आकस्मिक निधन 30 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 31 अक्टूबर को गृहग्राम कुथरेल के मुक्तिधाम में किया गया। वे संजना केशरी चन्द्राकर के पति थे।

बिजनेस साइट

## अब दुर्ग में नपुंसकता का होगा आधुनिक इलाज

**भिलाई।** पुरुषों में बढ़ती नपुंसकता और यौन स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का अब इलाज बड़े शहरों में नहीं, बल्कि दुर्ग में ही संभव होगा। आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में आगामी रविवार 2 नवम्बर को दिल्ली के सुप्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट डॉ. गौतम बंगा अपनी विशेषज्ञ सेवाएं देंगे। डॉ. बंगा देश के जाने-माने यूरोलॉजी विशेषज्ञों में से एक हैं, जिन्होंने नपुंसकता, मूत्रमार्ग संकुचन, जननांग की विकृतियाँ और पीनाइल इम्प्लांट सर्जरी जैसे जटिल उपचारों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उनका कहना है कि आधुनिक तकनीकों की मदद से इन समस्याओं का स्थायी समाधान अब पूरी तरह संभव है। इस विशेष विज़िट के दौरान हॉस्पिटल के यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. नवीन राम दारूका भी मरीजों को परामर्श देंगे। दोनों विशेषज्ञ मिलकर उन मरीजों के लिए नई उम्मीद लेकर आए हैं, जो वर्षों से इस समस्या से जूझ रहे हैं। हॉस्पिटल प्रबंधन ने बताया कि इस पहल से दुर्ग और आसपास के मरीजों को राजधानी या बड़े शहरों की यात्रा करने की जरूरत नहीं होगी। विश्वस्तरीय यूरोलॉजिकल इलाज अब स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध है।

## राज्य स्थापना दिवस पर जामुल में होंगे विविध आयोजन

**जामुल।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 1 नवंबर को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जामुल में विविध आयोजन प्रस्तावित है। प्रकाश सिंह ठाकुर अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी जामुल के अनुसार शनिवार सुबह 11 बजे से छत्तीसगढ महतारी सांस्कृतिक भवन के पास रावण भाठा में छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना के साथ ही सफाई अभियान, नुक्कड़ सभा आयोजित है। साथ ही गत दिनों रायपुर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा को खण्डित मामले को लेकर विरोध प्रकट की जाएगी। आयोजन में जामुल ब्लाक के समस्त कांग्रेस जन, मंडल अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, कांग्रेस सेवा दल, किसान कांग्रेस, इन्टुक, राजीव युवा मितान क्लब के कार्यकर्ता शामिल होंगे।

## गुरु घासीदास पर अभद्र टिप्पणी से भड़का सतनामी समाज, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

सतनामी समाज के आराध्य और धर्मगुरु बाबा गुरु घासीदास के खिलाफ सोशल मीडिया में अभद्र और अश्लील टिप्पणी किए जाने से पूरे समाज में जबरदस्त आक्रोश फैल गया है। इस निंदनीय कृत्य से आहत होकर सतनामी समाज के सैकड़ों लोग शुक्रवार को पाटन थाना पहुंचे और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। तहसील सतनामी समाज के अध्यक्ष संतराम कुर्रे और मोती बघेल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में समाजजन थाने के बाहर एकत्र हुए। लोगों ने पुलिस प्रशासन से आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की।



इस दौरान समाज के लोगों ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास करोड़ों अनुयायियों के पूज्य संत हैं, जिन्होंने मनखे मनखे एक समान का नारा संदेश दिया। ऐसे महापुरुष के प्रति अभद्र टिप्पणी करना न केवल समाज की भावनाओं का अपमान है, बल्कि धार्मिक सौहार्द पर भी चोट है। प्रदर्शन के दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने थाना प्रभारी को लिखित आवेदन सौंपते हुए आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट और धार्मिक भावना भड़काने की धाराओं में अपराध दर्ज करने की मांग की। सतनामी समाज के युवाओं और महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में थाने पहुंचकर शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होती है, तो समाज आंदोलन करने पर मजबूर होगा। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि मामले की जांच साइबर सेल को सौंप दी गई है और जल्द ही आरोपी को चिन्हित कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जगजीवन आयुर्वेद



धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है.
आज ही गारंटी से इलाज कराएँ.
पुलगाँव चौक, महालक्ष्मी मार्केट शॉप नं.C11 दुर्ग, मो. 7869433660, 9399486858

### अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दुर्ग, जिला दुर्ग

| रा०प्र०क्र०/ ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन नम्बर | पक्षकार का नाम |
|---|---|
| 202510100400374/अ-2/2025-26 | गंगाजली एजुकेशन सोसायटी चेयरमेन आई.पी. मिश्रा |

उद्घोषणा पत्र

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका गंगाजली एजुकेशन सोसायटी चेयरमेन आई.पी. मिश्रा आ०/पति स्व० एस.पी. मिश्रा निवासी- नेहरू नगर भिलाई द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुनर्निर्धारण हेतु छ.ग. भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2) (5) के तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

"अनुसूची"

| ग्राम / प.ह.नं. जहां आवेदित भूमि स्थित है | खसरा नम्बर | रकबा (क्षेत्रफल) | | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| | | हेक्टेयर | वर्गफीट | |
| ग्राम जुनवानी प.ह.न. 43 तहसील व जिला दुर्ग | 167/1, 168/1, 169, 170 | 0.91 | - | हेल्थ (नर्सिंग होम) प्रयोजन |

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्द्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति- दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह उद्घोषणा आज दिनांक 30 October, 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला दुर्ग

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र होंगे राज्योत्सव के मुख्य अतिथि

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 2 से 4 नवंबर तक तीन दिवसीय राज्योत्सव समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित पुराना गंज मंडी, गंजपारा परिसर में किया जाएगा। इस अवसर पर राज्योत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि में संशोधन किया गया है। अब स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में समारोह में शामिल होंगे।

### मैत्री कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता

**भिलाई।** बीएसपी के सतर्कता जागरुकता सप्ताह के तहत भिलाई मैत्री कॉलेज, रिसाली में विद्यार्थियों के लिए हिंदी और अंग्रेज़ी द्विभाषी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया और भ्रष्टाचार के दुष्परिणामों तथा इसे रोकने में समाज की सामूहिक भूमिका पर विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता में प्रथम मंजरि गुप्ता, जबकि द्वितीय भारती साहू तथा तृतीय पुरस्कार कु. विनीता राय को प्रदान किया गया। सहायक प्रबंधक प्रफुल कुमार कारोड़े द्वारा सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलाई व रेणू गुप्ता ने दैनिक जीवन में सतर्कता के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. सुरेखा विनोद पाटिल सहित डॉ. डी. लक्ष्मी, और जीएम रूपम कुमार व वरिष्ठ सतर्कता निरीक्षक रुपेश कुरुप ने ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन निशा शाजी ने किया।

### पांच लाख बढ़ी सेल के हजारों अफसरों की ग्रेच्युटी

# छोटी दिवाली पर भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों को मिली दोहरी खुशी

**50 प्रतिशत डीए बढ़ोत्तरी का सेल ने किया आदेश जारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल के सभी प्लाटों के अधिकारियों व कर्मियों को दीपावली के बाद अब छोटी दिवाली को दोहरी खुशी मिली है। सेल ने कार्मिकों के अधिकतम ग्रेज्युटी सीमा को बढ़ा दिया है। सीलिंग को 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख कर दिया है। इस आशय के आदेश के साथ अधिकारियों के खाते में राशि आने की प्रक्रिया शुरु हो गई है। इससे बीएसपी अधिकारियों में खुशी की लहर है।

उल्लेखनीय है कि डीपीई के थर्ड पे रिवीजन में सेल अधिकारियों की ग्रेच्युटी सीमा बढ़ाने का प्रावधान था। सेफी और बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन ने इसके लिए इस्पात मंत्री व सेल चेयरमेन से भी मांग की थी। डीपीई की गाइड लाइन के अनुरुप सेल प्रबंधन ने अब ग्रच्युटी सीमा को बढ़ाकर 20 से 25 लाख रुपए कर दिया है। सेल ने इस आशय का आदेश सेल की सभी यूनिटों में लागू करने जारी कर दिया। अधिकारियों के खाते में बढ़ी हुई राशि आना भी शुरु हो गई है।



#### कर्मचारियों को भी लाभ

सेल प्रबंधन के ग्रेच्युटी बढ़ोत्तरी का लाभ अधिकारियों की तरह कर्मियों को भी मिल रहा है। सेल कर्मचारियों को डीए का लाभ पहले ही मिल रहा है। यूनियनों के मुताबिक कर्मियों को सेवानिवृत्त होने पर बढ़ी हुई राशि मिलने से बड़ी राहत मिलेगी। ग्रेज्युटी बढ़ोत्तरी का प्रावधान पूर्व वेतन समझौता में था। इसके तहत अब रिटायर होने वाले कर्मचारी को 25 से 30 लाख रुपए ग्रज्युटी राशि मिलेगी। कर्मियो को यह फायदा 50 प्रतिशत डीए बढ़ जाने से हुआ है। एचएमएस के जीएस पीके मिश्रा ने कहा कि प्रबंधन के इस प्रयास से रिटायर होने वाले कर्मियो को लाभ होगा। रिटायर होने के बाद एक,एक रुपए महत्वपूर्ण होता है।

#### कर्मियों को अब लंबित एरियर्स का इंतजार

बीएसपी कर्मचारियों को अब आगे वर्षो से लंबित एरियर्स भुगतान का इंतजार है। हजारों सेल कर्मचारियों का 39 महीने का एरियर्स वर्ष 2017 से लंबित है। यूनियनों के मुताबिक दिल्ली में एनजेसीएस कमेटी की पिछले वेतन समझौता को लेकर दिल्ली में हुई एनजेसीएस बैठक में सभी श्रमिक संगठनों ने एकजुटता से लंबित एरियर्स भुगतान की मांग की थी। प्रबंधन ने आश्वस्त भी किय था लेकिन अब तक भुगतान नहीं किया गया है।

आदेश में 51.8 प्रतिशत डीए वर्ष 2017 में पे स्केल के लिए प्रभावी हुआ है। पचास फीसदी डीए बढ़ने से अधिकारियों को सेवानिवृत्ति बाद लाखों का लाभ होगा। ओए व सेफी के अध्यक्ष एनके बंछोर ने बताया कि थर्ड पीआरसी की गाइड लाइन के अनुसार डीए 50 प्रतिशत से अधिक होने के कारण ग्रज्युटी की सीमा 20 से 25 लाख रुपए हो गई है। इसके तहत ही सेल ग्रेच्युटी बढ़ने का सुर्कलर जारी कर दिया है। उन्होंने इसके लिए उच्च प्रबंधन के प्रति आभार जताया है। ओए के पूर्व महासचिव परविंदर सिंह ने भी उच्च प्रबंधन के ग्रेच्युटी बढ़ोत्तरी के कदम को सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों का हौसला बढ़ेगा।

# राज्योत्सव को लेकर पुरानी गंजमंडी के आसपास भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक

**बाहर से आने वाले सभी भारी वाहनों के रूट डायवर्ट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग




राज्योत्सव को लेकर पुरानी गंजमंडी में 2 से 4 नवंबर के मध्य कई कार्यक्रम आयोजित हैं। इस वजह से जीई रोड पर वीआईपी गतिविधियां बढ़ेंगी। इसे देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने इस क्षेत्र में आवाजाही वाले वाहनों के लिए रूट डायवर्ट किए हैं, साथ ही अलग-अलग जगहों पर पार्किंग के इंतजाम किए हैं।

- पुलिस लाइन और जेआरडी स्कूल में दी गई पार्किंग

कार्यक्रम स्थल के मुख्य द्वार के सामने दो प्रवेश द्वार बनाए गए हैं। वीवीआईपी प्रवेश द्वार पीछे की तरफ बनाया गया है। इसी जगह पर पार्किंग स्थल तय किया गया है। सामान्य लोगों के लिए पुलिस लाइन, जेआरडी स्कूल में पार्किंग के इंतजाम किए गए हैं। 1 नवम्बर की सुबह 8 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक दुर्ग शहर में भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। पुलगांव चौक से आने वाले वाहनों को बायपास मार्ग की ओर डायवर्ट किया गया है।

धमधा नाका से प्रवेश करने वाले वाहनों को नेहरू नगर मार्ग की ओर भेजा जाएगा। गुरुद्वारा तिराहा एवं नेहरू नगर क्षेत्र से आने वाले भारी वाहनों को भी वैकल्पिक मार्गों पर मोड़ा जाएगा। कार्यक्रम स्थल के आसपास के मार्गों पर नो व्हीकल ज़ोन घोषित किया गया है, जहां केवल अधिकृत वाहनों एवं आपातकालीन सेवाओं को ही प्रवेश की अनुमति होगी। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल के पास ही पुलिस सहायता केंद्र बनाया गया है।

## रिटायर होने पर जीएस पीके मिश्रा को सीजीएम और यूनियनों ने दी विदाई



**भिलाई।** अपनी सादगी और संघर्ष के लिए चर्चित एचएमएस यूनियन भिलाई के महासचिव प्रमोद कुमार मिश्रा आज 31 अक्टूबर को सेल भिलाई इस्पात संयंत्र में 33 साल नौकरी के बाद सेवानिवृत्त हो गए। उन्हें रिटायर होने पर बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक और ट्रेड यूनियनों के साथियों ने भावभीनी विदायी दी। श्री मिश्रा ने श्रमिक कल्याण व उत्पादन की फौलादी संस्कृति वाले बीएसपी में अपने दीर्घ सेवाकाल के अनुभव को अविस्मरणीय बताया। कोल इंडिया के बाद सेल में दीर्घ सेवा देने वाले श्री मिश्र यहां बीएसपी में एसएमएस- 3 में इंचार्ज चार्जमेन कम मास्टर टेक्निशियन के पद पर कार्यरत थे। उन्हें सेवानिवृत्त होने पर सीजीएम त्रिभुवन बैठा ने सम्मानित किया व शुभकामनाएं दीं। भिलाई निवास में भी श्रमिक संगठनों के साथियों ने भी बीएसपी में कर्मचारी हितों के लिए वर्षों संघर्ष को याद करते हुए सेवानिवृत्ति पर बधाई दी। इस अवसर पर एटक के महासचिव विनोद कुमार सोनी संजय पांडे,राजेश टिकरिहा, भिलाई पब्लिक स्कूल के संचालक हरदयाल सिंह आदि उपस्थित थे।

### जिले में आधार अपडेशन कार्य जारी

**दुर्ग।** 29 अक्टूबर से 8 नवम्बर तक जिले के चिन्हित सभी शासकीय व अशासकीय स्कूलों में मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन एवं आधार अपडेशन 29 अक्टूबर से निरंतर चल रहा है। 30 अक्टूबर को 1642 विद्यार्थियों का मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन तथा 292 विद्यार्थियों का आधार अपडेशन किया गया। 34 केन्द्रों में शिविर लगाया गया। जिसमें 2043 विद्यार्थियों का मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन तथा 256 विद्यार्थियों का आधार अपडेशन किया गया।

### कलेक्टर ने एकता दिवस पर दिलाई शपथ

**दुर्ग।** लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर कलेक्टोरेट के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिला कार्यालय के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करने की शपथ दिलायी।

## आफिसर्स एसो. का सम्मान समारोह, सेवानिवृत्त अधिकारियों के उत्कृष्ट योगदान को सराहा गया

**भिलाई।** बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा सितम्बर और अक्टूबर सेवानिवृत्त अधिकारियों सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह का आयोजन प्रगति भवन में किया गया। सेफी चेयरमेन व आफिसर्स एसोसएशिन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमा, महासचिव अंकुर मिश्रा सहित कोषाध्यक्ष सौभाग्य रंजन साहू, सेफी नामिनी अखिलेश मिश्रा उपाध्यक्ष रेमी थॉमस, उपाध्यक्ष माईस नीतेश छत्री, सचिव प्रहलाद मौर्य उपस्थित थे।

सितम्बर माह में सेवानिवृत्त हुए डॉ. रविन्द्रनाथ एम, ईडी डॉ सौरव मुखर्जी, सीएमओ सनजो कुमार, डीजीएम राजकुमार नायर, एजीएम अशोक कुमार गुप्ता, देवेन्द्र कुमार वर्मा, विजय कुमार नगपुरे, प्रहलाद स्वरूप वर्मा, असिस्टेंट मैनेजर तथा अक्टूबर माह में रिटायर हुए मनमोहन, जीएम, कैलाश मल्होत्रा, जीएम इंचार्ज, मुकुल जगदेव, डीजीएम शरद निगम, एजीएम शिवराम सिंह रघुवंशी,एजीएम नरेन्द्र इंग्ले अजय कौशल, प्रशांत कुमार जैन, गिरिन्द्र मोहन, सीनियर मैनेजर प्रदीप कुमार, डिप्टी मैनेजर वेंका जर्नादन राव, असिस्टेंट मैनेजर का सम्मान अभिनंदन पत्र एवं सम्मान राशि प्रदान कर किया।



सेवानिवृत्तों ने सेवा काल के अविस्मरणीय क्षणों को साझा किया। नरेंद्र कुमार बंछोर ने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा जो उपलब्धियां हासिल किया गया है उन उपलब्धियां को हासिल करने में आप जैसे कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों का अहम योगदान है। बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन ने सदैव ही अधिकारियों के मुद्दों के प्रति सजग रहा है और उन्हें बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रयास किया है।अंकुर मिश्रा ने सेवानिवृत्त अधिकारियों द्वारा अपने सेवाकाल में किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन ओए सेफी नामिनी अखिलेश मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में जोनल प्रतिनिधि संजय तिवारी, निमेश कुमार गुप्ता, प्रवीण मराठे, एस सी साहू, मिलिंद बंसोड़, विरेन्द्र सिंह, अलंकार भिवगड़े, अंकुर राठौर आदि उपस्थित थे।

## जेएलएन अस्पताल में विश्व रेबीज दिवस मना



**भिलाई।** जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय सेक्टर 9 भिलाई ने विश्व रेबीज दिवस एवं सप्ताह का आयोजन किया गया। तत्कालीन कार्यपालक निदेशक डॉ. रविंद्रनाथ एम मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, डॉ. सौरभ मुखर्जी उपस्थित थे। बाल रोग वार्ड में विशेष जागरूकता सत्र हुए। अस्पताल के फार्मेसी, आपातकालीन कक्ष और ओपीडी में इंटरैक्टिव कार्यक्रम आयोजित किए गए। अपोलो कॉलेज ऑफ नर्सिंग, अंजोरा, गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, मर्रा (पाटन ब्लॉक) तथा राजहरा माइंस अस्पताल में भी आयोजित किया गया। इन सत्रों में प्रतिभागियों को रेबीज की रोकथाम के लिए प्रमुख उपायों जैसे घाव की उचित देखभाल, समय पर पोस्ट-एक्सपोज़र टीकाकरण, रेबीज इम्युनोग्लोबुलिन के उपयोग और प्रारंभिक चिकित्सा परामर्श के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस जन-जागरूकता पहल से 470 से अधिक प्रतिभागियों को लाभ हुआ, जिनमें मरीज, परिचारक, विद्यार्थी, शिक्षक और चिकित्सालय कर्मचारी शामिल थे।

### सड़क हादसे में घायल युवक की गई जान

**भिलाई।** दो दिन पहले हुए सड़क हादसे में गंभीर रुप से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ अपराध कायम किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि 28 अक्टूबर की रात 9.3 बजे कार सीजी 07 सीटी 2740 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सीजी 07 सीएन 6683 के चालक को जोरदार ठोकर मार दिया। घटना में बाइक सवार कोहका निवासी रवि कुमार ठाकरे को शरीर में गंभीर चोट आई थी। जिसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां उपचार के दौरान शुक्रवार को रवि ने दम तोड़ दिया।घटना की खबर लगते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## मैत्रीबाग में पालतू व बाहर के बंदरों की दोस्ताना शरारत बनी आकर्षण

**भिलाई।** मैत्रीबाग चिड़ियाघर में पालतू और बाहर के बंदरों के बीच दोस्ताना उछलकूद पर्यटकों को खूब रोमांचित कर रही है। आगंतुक बंदरों की शरारतों का यहां आने वाले लोग खासकर नन्हे सैलानी जमकर मजा ले रहे हैं। उनके कैज में बंद लंगूरों को देने वाले खाने की सामग्रियों पर जंगली बंदर हाथ साफ किए जा रहे हैं।

ठंडी का मौसम शुरु होते ही मैत्रीबाग जू में पर्यटकों का आमद बढ़ रही है। इनमें ट्विनसिटी के साथ आसपास के गांवों और कस्बों के साथ लोग घूमने के लिए यहां आ रहे हैं। सैलानियों में यंगस्टर के साथ बच्चों की खासी तादाद है। मैत्रीबाग के बड्र्स काम्पेक्स में तीन कैजों में दर्जनभर पालतू बंदर हैं। यह बंदर रेसेस, लाल मुंह व काले मुंह वाले प्रजाति के हैं। इन दिनों दिलचस्प नजारा यह है कि इन पालतू बंदरों के कैज (जालीदार पिंजरों) के शेड पर बाहर के भी जंगली बंदरों का डेरा



होता है। जैसे ही पर्यटक जाम, संतरा, खीरा आदि मैत्रीबाग के बंदरों के खाने के लिए अंदर फेकते हैं, ऊपर बैठे बाहर के बंदर झपट्टा मार लेते हैं। कभी यह बंदर अपनी पूंछ तो कभी गर्दन लटकाकर दोस्ताना शरारत करते भी दिखाई देते हैं।

### एमआईसी की बैठक में लिया गया निर्णय

# डॉ. सुरेंद्र दुबे के नाम से जाना जाएगा जेल तिराहा मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम दुर्ग में आयोजित महापौर परिषद एमआईसी की बैठक में ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। जेल तिराहा अटल परिसर से

- सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय

पुलगांव चौक तक का नामकरण कवि पद्मश्री डॉ सुरेंद्र दुबे के नाम पर किए जाने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई। बैठक की अध्यक्षता महापौर अलका बाघमार ने की। जिसमें आयुक्त सुमित अग्रवाल सहित एमआईसी के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

महापौर अलका बाघमार ने बताया कि डॉ. सुरेंद्र दुबे छत्तीसगढ़ के हास्य कवि, साहित्यकार और विद्वान हैं, जिन्होंने अपने लेखन और मंचीय प्रस्तुति से राज्य का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। ऐसे प्रतिभाशाली साहित्यकार के नाम पर मार्ग का नामकरण करना पूरे शहर के लिए गर्व की बात है। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि यह निर्णय नगर निगम की उस भावना का प्रतीक है, जिसमें समाज के सभी क्षेत्रों साहित्य, कला और संस्कृति को समान सम्मान दिया जाता है। बैठक में एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, लीना दिनेश देवांगन, शेखर चंद्राकर, काशीराम कोसरे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, मनीष साहू, शिव नायक, नीलेश अग्रवाल, लीलाधर पाल, शशि साहू, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, गिरीश दीवान, आरके जैन, प्रकाश चन्द थावानी, दुर्गेश गुप्ता, रेवाराम मनु, आरके बोरकर सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहें।



#### साहित्यकारों और बुद्धिजीवियों ने किया स्वागत

इस प्रस्ताव का शहर के साहित्यकारों और बुद्धिजीवियों ने स्वागत किया है। महापौर अलका बाघमार ने बताया कि यह मांग लंबे समय से की जा रही थी कि किसी प्रमुख सड़क या चौक को डॉ. दुबे के नाम से जोड़ा जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके योगदान से परिचित हो सकें। इस अवसर पर एमआईसी सदस्यों ने कहा कि ऐसे निर्णय शहर की सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत बनाते हैं। छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर यह निर्णय शहर के साहित्यिक समुदाय के लिए सम्मान और प्रेरणा का प्रतीक बन गया है।

जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े
कानों की रिशेपिंग

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
हृदय रोग विभाग
(कार्डियोलॉजी/कार्डियक सर्जरी)
- एंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- बायपास सर्जरी
- वाल्व रिप्लेसमेंट
डे केयर एंजियोग्राफी
डिस्चार्ज मात्र 4 घंटे में
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

हरिभूमि माह अक्टूबर 2025 का मासिक बिल

| दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 29 दिन | 5.00 | 145.00 |
| | कुल | 145.00 |

हरिभूमि के सुधि पाठक अक्टूबर 2025 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।
व्यवस्थापक

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

Navkar Hospital & Research Centre
आपका स्वास्थ्य, हमारा लक्ष्य
नवकार हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर
हड्डी रोग संबंधित समस्याएं
आर्थराईटिस ईत्यादि
मासपेशी में दर्द
घुटने व कुल्हे का जोड़ प्रत्यारोपण
डिफमिटी करेक्शन
गठियावात, कुल्हा, कोहनी
आदि अंगो पर दर्द लम्बे समय से न जुड़ने वाली फेक्चर का ईलाज

डॉ. पवन शॉ
जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन एवं ऑर्थोस्कोपिक सर्जन
Emergency Contact no 9109953511
B 27-05, MLA रेस्ट हाउस के पास, रिंग रोड नंबर 1, टैगोर नगर, रायपुर
0771-3588295, 4054375



16 दिसंबर 2025
11 दिन की यात्रा
By Train-रिज़र्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, एलोरा गुफा, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com


चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 11 मई, 14 मई, 18 मई, 21 मई, 25 मई, 28 मई, 01 जून, 04 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 30,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

02

कत्थक तरंग महोत्सव की हुई शुरुआत तबले की थाप पर थिरके कलाकार

## लाइव इवेंट

### संग्रहालय के लिए मिला अस्सी वर्ष पुराना दुर्लभ कलमदान



**भिलाई।** वर्तमान के बढ़ते सूचना संचार एवं प्रौद्योगिकी के समय में पुरखों द्वारा क्रय की गई प्राचीन और दुर्लभ सांस्कृतिक सामग्रियों को संजोना अत्यंत कठिन कार्य हो गया है। बढ़ती आधुनिकता और नवीनता के दौर में वर्तमान पीढ़ी अपने पुरखों द्वारा श्रम से कमाई गई धनराशि से खरीदी किए गए लोक सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, धार्मिक सामग्रियों, सद् ग्रंथों को अपने घरों में स्थान न देकर कबाड़ में बेचने को दुष्प्रेरित हो रहे हैं। ऐसे में जनजाति शोधार्थी व लोक संस्कृति कर्मी राम कुमार वर्मा ने जिले में लोक सांस्कृतिक संग्रहालय विकसित करने के लिए दुर्लभ सामग्रियों का संग्रह करने की शुरुआत की है।

- पुरखों की स्मृतियों को संजोय रखने बनाया संग्राहलय, कोई भी कर सकता है दान

तीस वर्ष पूर्व प्रारंभ किए गए अपने निजी संग्रहालय में 300 से भी अधिक दुर्लभ सामग्रियों, विलुप्त होते वाद्य यंत्रों, ऐतिहासिक दस्तावेजों, प्राचीन पांडुलिपियों आदि को संजोकर रखा है, जिन्हें वे जिला और प्रदेश स्तरीय लोक सांस्कृतिक संग्रहालय को अपने जीवन काल में समर्पित करना चाहते हैं। इसी कड़ी में 80 वर्ष पुराने पीतल से निर्मित कलमदान राष्ट्रीय ध्वज एवं कैलेंडर की तारीख बदलने की सुविधायुक्त सुरेश जैन समाजसेवी भिलाई 3 से संग्रहित किया गया है। संग्रहकर्ता राम कुमार वर्मा ने सभी लोगो से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने पुरखों की दुर्लभ सामग्रियों को अपने घरों में समुचित स्थान दें या संग्रहकर्ता को सम्मान सौंप सकते हैं। ताकि आने वाली पीढ़ियों को प्रदेश के पुरखों द्वारा संग्रहित सामग्रियों के महत्व, उसकी निर्माण की प्रक्रिया, उपयोगिता आदि से निरंतर परिचित कराया जा सके।

## सिटी इवेंट

### कालीबाड़ी में धुनुची कर माता जगतधात्री को किया प्रसन्न



**भिलाई।** बंगाली समुदाय के सदस्यों ने सिंधिया नगर कालीबाड़ी दुर्ग में धार्मिक उत्साह के साथ जगतधात्री पूजा मनाई। शहर के अन्य स्थानों जैसे हाउसिंग बोर्ड, हुडको कालीबाड़ी आदि में भी बंगाली समुदाय द्वारा पूजा का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा अनुष्ठान में भाग लिया। सिंधिया नगर कालीबाड़ी में पुजारी देबाशीष मिश्रा ने अपनी टीम के साथ पूजा अनुष्ठान संपन्न कराए और श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद वितरित किया गया। शाम को कालीबाड़ी परिसर में एक संगीत संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें स्वराधि ऑर्केस्ट्रा समूह ने भक्ति और अन्य गीत प्रस्तुत किए। अध्यक्ष अभिजीत मित्रा ने बताया कि हर साल दिवाली के दसवें दिन बंगाली समुदाय जगधात्री पूजा मनाता है। बारिश के बाद भी बड़ी संख्या में लोग मंदिर परिसर में एकत्रित हुए और धुनुची नाच और ऑर्केस्ट्रा का आनंद लिया। महासचिव शीतल दास ने बताया कि देवी जगधात्री देवी दुर्गा का एक रूप हैं। देवी जगधात्री दिव्य शक्ति और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक हैं। यह उत्सव अपने जीवंत अनुष्ठानों, कलात्मक मूर्तियों की स्थापना, जगमगाते पंडालों और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं के लिए प्रसिद्ध है।



- बंगाली समुदाय ने जगधात्री पूजा मनाई

### श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 2 से

**दुर्ग।** शुभम नगर स्थित भवानी चौक में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा 2 से 9 नवंबर तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित है।

आयोजन शिवशक्ति महिला मानस मंडली और शिवशक्ति सत्संग समिति के सदस्यों की पहल पर किया गया है। कथा का वाचन प्रसिद्ध भागवत व्यास पं. रुपेश कृष्ण मिश्र द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत 2 नवंबर को कलश यात्रा निकाली जाएगी। तत्पश्चात महात्मय कथा और भागवत कथा प्रारंभ होगी।

3 नवंबर को परिक्षित जन्म, सुकदेव का आगमन, 4 नवंबर को वामन अवतार और ध्रुव चरित्र, 6 नवंबर को भगवान की बाल लीलाएं, 8 नवंबर को सुदामा चरित्र और 9 नवंबर को गीता प्रवचन, तुलसी वर्षा एवं पूर्णाहुति के साथ कथा का समापन होगा।

---

- 400 से अधिक सफाई मित्रों सहित कर्मचारी, अधिकारी हुए शामिल, भिलाई के साफ-सफाई पर अपने विचार रखे

# श्रमदान और झाड़ू लगाकर स्वच्छता ही सेवा-2025 का हुआ समापन, सफाई कर्मी हुए सम्मानित, एकता की दिलाई शपथ

टाउनशिप में पिछले डेढ़ महिने से चल रहे महाअभियान स्वच्छता ही सेवा-2025 का समापन शुक्रवार को सफाई मित्रों का सम्मान कर किया गया। इस अवसर पर 400 से अधिक सफाई मित्रों सहित कर्मचारी, अधिकारी शामिल हुए और भिलाई के साफ-सफाई पर अपने विचार रखे। सभी ने स्वच्छता दूतों को प्रोत्सहित किया। स्वच्छता पखवाड़ा समापन समारोह के अवसर पर सभी अतिथियों द्वारा श्रमदान और झाड़ू लगाकर प्रतिकात्मक रुप से स्वच्छोत्सव की शुरुआत की।इस दौरान सरदार पटेल की जयंती पर राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद करते हुए सभी लोगो को एकता की शपथ भी दिलाई गई। इस्पात मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशों के अनुपालन में 14 सितंबर से शुरु हुये स्वच्छता अभियान का समापन भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 31 अक्टूबर को महात्मा गांधी कला मंदिर सेक्टर-6 में "स्वच्छता ही सेवा 5.0 स्वच्छोत्सव एवं सफाई मित्रों के समाज में उनके योगदान के लिए सम्मान समारोह के रूप में आयोजित किया गया।

**भिलाई।** समापन समारोह के कार्यक्रमों की शुरूआत अनुविभागीय दंडाधिकारी हितेश पिसदा के मुख्य आतिथ्य में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएं एवं सीएसआर उत्पल दत्ता, कोतवाली थाना प्रभारी जीतेन्द्र वर्मा, महा प्रबंधक नगर सेवाएं ए बी श्रीनिवास, महाप्रबंधक के के यादव, ऑफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव अंकुर मिश्रा, कोषाध्यक्ष सौभाग्य रंजन साहू, महाप्रबंधक हार्टिकल्चर डॉ एन के जैन, महाप्रबंधक शॉप्स महेंद्र कुमार साहू, रमेश गुप्ता सहायक महा प्रबंधक, मिलिंद बंसोड, विवेक मिश्रा, रेमी थॉमस भी उपस्थित थे।

समापन समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलन कर की गई। स्वच्छता पखवाड़ा पर प्रतिकात्मक रुप से सभी अतिथियों द्वारा श्रमदान और झाड़ू लगाकर स्वच्छोत्सव पर स्वच्छता का संदेश दिया।




### एकता की दिलाई शपथ, लोगों के निवास की पहली प्राथमिकता भिलाई शहर

हितेश पिस्दा ने भिलाई में अनवरत सफाई की व्यवस्था को बनाए रखने में सफाई मित्रों के योगदान की सराहना की। समाज में उनके कार्यों को रेखांकित करने के साथ ही लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती दिवस पर उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान को स्मरण करते हुए सभी उपस्थित जनों को एकता की शपथ भी दिलाई। कोतवाली थाना प्रभारी जीतेन्द्र वर्मा ने सफाई कर्मियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए भिलाई को एक स्वच्छ शहर और लोगों के निवास की पहली प्राथमिकता भिलाई शहर को बताया। सीजीएम उत्पल दत्ता ने सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पीएचडी विभाग एवं सफाई कर्मचारियों के योगदान पर आभार व्यक्त किया। आफिसर एसोसिएशन के महासचिव अंकुर मिश्रा ने अपने उद्बोधन में नागरिकों के असहयोगात्मक व्यवहार के लिए उनकी ओर से क्षमा मांगने के साथ ही अपनी भूमिका के प्रति सजग होने आश्वस्त किया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने स्वच्छता की महत्ता और जन योगदान पर अपने सार्थक विचार व्यक्त किए।



### भिलाई शुरुआत से रहा है स्मार्ट सिटी

अतिथियों ने अपने उद्बोधन में सभी स्वच्छता सिपाहियों को प्रोत्सहित करने सम्मानित किया। इस दौरान विभागीय गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए महाप्रबंधक के के यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि भिलाई इस्पात संयंत्र में स्वच्छता समारोह सन 2005 से प्रारंभ किया गया था। अंडरग्राउंड पाइपलाइन भिलाई में पिछले 60 वर्षों से लगी हुई है और वर्तमान में स्मार्ट सिटी बनने के पहले से ही भिलाई स्मार्ट सिटी बनने की दिशा में अग्रसर था।

### स्वच्छता दूतों को किया प्रोत्सहित

कार्यक्रम में मिलिंद बंसोड, रेमी थॉमस, राघवेंद्र गर्ग, रवि फुले, रणबीर, रवि कुमार विश्वकर्मा, मृदुल गुप्ता, देवानंद चौहान, पी एस सिदार, विवेक गुप्ता, कमरुद्दीन, विवेक गुप्ता, निकिलेश मिश्रा, एस के सोनवानी, जया राय, सहायक प्रबंधक मुकुंद मानिकपुरी ने भी स्वच्छता दूतों को प्रोत्सहित किया। कार्यक्रम का संचालन सुप्रीयो सेन और आभार सहा महाप्रबंधक रमेश कुमार गुप्ता द्वारा व्यक्त किया गया।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर नाग राजू, सरत, गोपाल वर्मा, सुभाष चंद्र महारना, विस्वनाथ देवांगन, विद्याचरण लहरे, ज्ञानेंद्र पाण्डेय, राजेश शर्मा, अनिल पाण्डेय, नीना मल्लिक, शिखा ताम्रकार, अजय मिश्रा, रमाकांत यादव, विनोद नायर, क़ुतुबुद्दीन कुरैशी, राम यादव, राममूर्ति, भगवान, नीरज बाली ज्ञानचंद जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# सोनहा बिहान का आयोजन 23 को 20 से 91 वर्ष की महिलाएं लेगी हिस्सा

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ की अग्रणी महिला संस्था स्वयंसिद्धा के वार्षिक उत्सव का आयोजन 23 नवंबर को रिसाली में आयोजित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के 25वें स्थापना दिवस पर केंद्रित इस कार्यक्रम में 20 से 91 वर्ष की महिलाएं भाग लेंगी। पांच समूहों में आयोजित इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने सर्वश्रेष्ठ ग्रुप को शील्ड देकर सम्मानित किया जाएगा।



जानकारी स्वयंसिद्धा- ए मिशन विद ए विज़न की संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. सोनाली चक्रवर्ती ने देते हुए बताया कि सन 2025 छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती वर्ष है एवं 'वंदे मातरम' रचना हुए 150 वर्ष हो गए हैं। इन्हीं दोनों थीम पर आयोजित होगा हमारा वार्षिक उत्सव 'सोनहा बिहान वार्षिक उत्सव में स्वयंसिद्धा के पांच समूहो की सदस्याएं कार्यक्रम देंगी। अपराजिता, तेजस्विनी, विश्वरूपा, स्वस्तिका एवं जागृति समूह के अंतर्गत प्रतियोगिता होगी, जिसमे से सर्वश्रेष्ठ ग्रुप को रनिंग शील्ड भी प्रदान किया जाएगा।

इस प्रतियोगिता से हर ग्रुप के अधिक से अधिक सदस्यों को अपनी कला प्रस्तुत करने का एवं प्रतिभागिता का अवसर प्राप्त होगा। प्रत्येक समूह गीत, नृत्य एवं नाटक की प्रस्तुति देंगे। इस उत्सव में 20 वर्ष से 91 वर्ष की महिलाएं भाग ले रही है। संस्था की कार्यकारी समिति की बैठक में आयोजन के सभी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अनीता चक्रवर्ती, रीता वैष्णव, देबजानी मजूमदार,राजश्री नायर, बिंदु नायक, वैशालिनी संतोष, राजकुमारी कनोजे, सरोज टहनगुरिया, सीमा कनोजे, गीता चौधरी एवं लक्ष्मी साहू उपस्थित थी

## आज से मरोदा टैंक में तीन दिवसीय शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा, निकलेगी कलश यात्रा



**रिसाली।** माँ कल्याणी शीतला मंदिर परिसर, मरोदा टैंक रिसाली में 1 नवम्बर से तीन दिवसीय शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन रखा गया है।1 नवम्बर कलश यात्रा एवं वेदी पूजन (कलश यात्रा मंदिर प्रागण से दोपहर 12 बजे से निकलेगी।2 नवम्बर को वास्तुपूजन, वेदीपूजन, अन्नाधिवास, औषधिवास, जलाधिवास, शय्याधिवास, नमक चमच रुद्रीपाठ महाभिषेक पूजन सुबह 10 से संध्या 6 बजे तक (भगवान स्नान हेतु दूध साथ में लेकर आयें) 3 नवम्बर को। षोडशोपचार पूजन, न्यास, शिवलिंग प्राण-प्रतिष्ठा न्यास हवन, महाआरती एवं महाभोग प्रसाद वितरण (पूजन - प्रातः 10 बजे से समापन तक होगा। आचार्य पं. द्रोणाचार्य द्विवेदी ज्योतिषांगन, न्यू आदर्श नगर, दुर्ग होगे। साथ ही मंदिर परिसर में चम्पा बसन छत्तीसगढ़ी लोककला नाचा पार्टी -भकुर्त (पवरा टोला) 1 नवम्बर की प्रस्तुति होगी।झरना जगराता परिवार बोरसी (बेरला) की प्रस्तुति 2 नवम्बर को होगा। सहयोगी पं. चंद्रशेखर मिश्रा ग्राम-धनोरा, दुर्ग होगे। लोकधारा की प्रस्तुति 3 नवम्बर को होगी।

---

तुलसी विवाह के लिए रीवा से भी पहुंची गन्ने की खेप, पिछले साल से 20 से 30 रुपए हुआ महंगा

# चार महीने बाद योगनिद्रा से जागेंगे श्री हरि, शुरू होंगे मांगलिक कार्य, गन्ने से सजे मंडप में तुलसी-शालिग्राम का होगा विवाह

कार्नर न्यूज

भिलाई। भगवान विष्णु चार माह की निद्रा के बाद आज देवउठनी के अवसर पर जागेंगे। इस दिन गोधूली बेला में घंटा, शंख की ध्वनि के बीच भगवान विष्णु को जगाया जाएगा। कार्तिक शुक्ल एकादशी के मौके पर शनिवार को शहर में देवउठनी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। गन्ने का मंडप सजाकर माता तुलसी की विवाह 2 नवंबर को कराया जाएगा और भगवान विष्णु की पूजा होगी। यह पूजा भगवान विष्णु की जागृति पूजा होती है। देवउठनी के बाद अब सभी शुभ कार्य प्रारंभ हो जाएंगे। तुलसी पूजा व मंडप सजाने बड़ी संख्या में गन्ने की बिक्री शुरू हो चुकी है। शुक्रवार को सुपेला, पावर हाउस, दुर्ग इंदिरा मार्केट, रिसाली सहित अन्य जगहों में गन्ना खरीदने लोग पहुंचे। गन्ना विक्रेता ने बताया कि मुंगेली, अंबिकापुर के साथ ही मध्यप्रदेश के रीवा से बड़ी मात्रा में गन्ना बिक्री के लिए बाजार में पहुंचा है। पांच गन्ना 120 रुपए में दिए जा रहे हैं। साइज के अनुसार गन्ने के दाम तय किया गया है। मांग बढ़ने से आगे गन्ने के दाम बढ़ सकते हैं। अभी तक रीवा सहित अन्य क्षेत्र से ट्रकों, पिकअप और ऑटो में गन्ने की 12 खेप आ चुकी है।





### दो दिनों में 60 लोगों ने खरीदा तुलसी पौधा

तुलसी विवाह में तुलसी पौधे की पूजा करने के लिए पर्व के दो दिन पहले नर्सरी में श्रद्धालु तुलसी पौधा खरीदते नजर आए। घर-घर में तुलसी विवाह होने के चलते तुलसी का पौधा 60 से 100 रुपए तक बेचा गया। प्रियदर्शनी नगर स्थित नर्सरी संचालक ने बताया कि सामान्य दिनों के तुलना पर्व पर सर्वाधिक तुलसी के पौधे की बिक्री होती है। दो दिनों में 50 से अधिक श्रद्धालुओं ने पौधा खरीदा। पर्व के लिए 200 पौधे तैयार किया गया है। रोज काफी संख्या में लोग पौधा खरीदने पहुंच रहे है।

### आज जाग जाएंगे देव, पुनः प्रारंभ होगा शुभकार्यों का सिलसिला

शहर के मंदिरों में देवउठनी 2 नवंबर को ही मनाई जाएगी। एकादशी तिथि शनिवार यानी आज सुबह 9 बजे प्रारंभ हो जाएगी, लेकिन इस दिन सूर्योदय के समय दशमी तिथि व्याप्त रहेगी। देवउठनी एकादशी में सूर्योदय के समय व्याप्त तिथि ही मान्य होती है। मान्यता है, जिसमें एकादश और द्वादश तिथि का मिलन हो रहा हो। यह स्थिति 2 नवंबर को निर्मित हो रही है। पंचांग के अनुसार, कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की तिथि की शुरुआत 1 नवंबर को सुबह 9 बजकर 11 मिनट पर हो रही है। वहीं, इस तिथि का समापन 2 नवंबर को सुबह 7 बजकर 31 मिनट पर होगा। ऐसे में देवउठनी एकादशी व्रत 2 नवंबर को किया जाएगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस व्रत को करने से साधक को सभी पापों से छुटकारा मिलता है। साथ ही जीवन में सुख-शांति बनी रहती है। देवउठनी एकादशी में भगवान शालिग्राम और माता तुलसी का विवाह रचाकर छोटी दिवाली का जश्न मनाया जाएगा। इसके लेकर बाजार सजकर तैयार हो चुका है। वहीं, वर्षों बाद तुलसी विवाह में विशेष योग बन रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन योग में पूजा करने से संतान प्राप्ति व दांपत्य जीवन में खुशहाली बनी रहती है।

## सिटी इवेंट

# मूक बधिर बच्चों ने चखा पिज्जा, रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट दिखाने का वायदा



**भिलाई।** सुपेला स्थित प्रयास मूक बधिर विद्यायल के बच्चों के लिए दिन कुछ खास रहा, क्योंकि बच्चों ने हाई सोसाइटी के बच्चों की तरह पिज़्ज़ा का स्वाद चखा। दरअसल एचएमजीएम जन सेवा समिति ने इन मूक एवं बधिर बच्चों के लिए एक विशेष पहल की। सभी बच्चों को उनके विद्यालय पहुंचकर पिज्जा खिलाया गया।

■ एचएमजीएम जन सेवा समिति ने दिव्यांग बच्चों के साथ बिताया समय

इसमें एचएमजीएम के प्रदेश अध्यक्ष लोकेश पांडेय ने लगभग 70 बच्चों को अपने हाथ से पिज्जा भेंट किया। लोकेश पांडे का कहना है कि जब हम अपनी अभिव्यक्ति व्यक्त नहीं कर पाते और उसके लिए इशारे का सहारा लेते हैं, तब हमें बहुत ही समस्याएं होती है। प्रयास मूकबधिर विद्यालय में ऐसे ही कई बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं, जो अपनी अभिव्यक्ति व्यक्त नहीं कर पाते और समाज से दूरी महसूस करते हैं। कुछ दिनों पहले बच्चों से मुलाकात के दौरान उन्होंने इशारों में बताया कि पेंसिल किताबें फल, फूल तो हर कोई लेकर आता है। लेकिन उन्हें और बच्चों की तरह पिज्जा खाने की इच्छा है। भविष्य में इन बच्चों को रेलवे और एयरपोर्ट जैसी जगहों पर भी घुमाने की योजना बनाई। इससे वे स्वयं इसका आनंद ले सकें। इस अवसर पर विनय टंडन, देवेश, राजेश,वामशी, संतोष, सतीश, वेदुला, बंटी, दादू, चिंटू, समीर, कृष्णकांत, रिया, रौनक, सोफी, सारा, तेजा सहित अन्य मौजूद थे।

● धनोरा गांव के आयोजक परिवार दामोदर प्रसाद साहू, ओमप्रकाश साहू, रविकांत साहू ने माना आभार

# सिहोर से शिवमहापुराण सुनकर लौटे 200 श्रद्धालु श्री शिवॉय नमस्तुभ्यं की गूंज से हुआ भव्य स्वागत

**भिलाई।** सिहोर कुबेरेश्वर धाम से भिलाई, दुर्ग, धनोरा ग्राम के 200 श्रद्धालुओं का जत्था वापस लौटा। पांच दिवसीय शिवमहापुराण का आयोजन सिहोर में ऑनलाइन धनोरा गांव के दामोदर प्रसाद साहू, उनके पुत्र ओमप्रकाश साहू, रविकांत साहू ने करवाया था। अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने पांच दिन तक शिवमहापुराण की कथा सुनाई। श्रद्धालुओं के ग्राम वापसी के बाद पूरे गांव में जश्न का माहौल बन गया। श्री शिवॉय नमस्तुभ्यं गूंज के साथ साहू परिवार और श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया गया। गाजे-बाजे और आतिशबाजी के बीच श्रद्धालुओं का स्वागत हुआ। इस जत्थे में 100 महिलाएं भी शामिल रही। शिवमहापुरण कथा विराम पर कथावाचक पं मिश्रा ने आयोजक दामोदर साहू व उनकी पत्नी श्रीमती नंदकुमारी साहू को व्यासपीठ में विराजमान शिवपोथी को सिर पर धारण करवाया। यह आयोजकों व श्रद्धालुओं के लिए सबसे भावुक पल था। सबके नेत्रों में आंसू छलक आए।





### मां दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना

गांव में जैसे ही श्रद्धालु पहुंचे वैसे ही ग्राम सरपंच रूलेश्वरी चंद्रशेखर बंजारे की अगुवाई में ढ़ोल, ताशे और बाजे-गाजे बजने लगे। शिवमहापुराण के सफल आयोजन के लिए ग्रामीणों ने आयोजक दामोदर प्रसाद साहू व उनकी पत्नी श्रीमती नंदकुमारी साहू व सभी श्रद्धालुओं को फूल माला से लाद दिया। गांव के ही दुर्गा माता मंदिर में सबसे पहले साहू परिवार ने पहुंचकर माता की पूजा-अर्चना की। उसके बाद स्वागत का सिलसिला प्रारंभ हुआ जो कई घंटे तक चला। ग्रामीणों ने इसे एक उत्सव का रूप दिया। बाजे-गाजे के बीच जमकर लोगों ने नृत्य भी किया। फटाखे फोड़े।

### साहू परिवार ने माना आभार



सिहोर में शिवमहापुराण कथा श्रवण करने के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं का साहू परिवार ने आभार माना। आयोजक दामोदर प्रसाद साहू ने कहा कि धनोरा गांव में शिवमहापुराण कथा मैदान में आयोजित किया गया था। प्रशासन ने यहां चार बार आकर कथा स्थल का निरीक्षण किया लेकिन लगातार बारिश की वजह से कथा को ऑनलाइन करवाना पड़ा। विदाई के दौरान सिहोर में श्री विठ्ठलेश सेवा समिति का भी उन्होने आभार प्रकट किया।

### कुबेरेश्वर महादेव ऐसी झोली भरेंगे कि कथा पंडाल में हो : पं. मिश्रा

सिहोर में कथा के विराम दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने कहा कि बाबा कुबेरेश्वर महादेव धनोरा ग्रामवासियों की ऐसी झोली भरेंगे कि आने वाले दिनों में शिवमहापुराण कथा पंडाल में हो। उन्होने कहा कि ऐसी यह पहली कथा है जिसमें किसी गांव से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आयोजक परिवार के साथ आया है और ऑनलाइन कथा सुन रहा है। गांव के लोग भी वहां बड़ी स्क्रीन पर कथा श्रवण कर रहे हैं। उन्होने कहा कि कुबेरेश्वर महादेव की धरा कंकर-शंकर की धरा है। यहां आने वालों की बाबा झोली जरूर भरते हैं। पर विश्वास जरूरी है। उन्होने कहा कि यह धाम पूरे 12 ज्योर्तिलिंगों के मध्य का बिंदु हैं इसलिए यहां दर्शन मात्र करने से पूरे ज्योर्तिलिंग का फल प्राप्त हो जाता है। पांच दिवसीय कथा में बाबा भोलेनाथ व माता पार्वती संवाद से जुड़ी कथाएं सुनाई।

### रोजाना भोजन प्रसादी पाई श्रद्धालुओं ने

सिहोर में कथा सुनने गए श्रद्धालुओं ने कुबेरेश्वर धाम स्थित भोजनालय में प्रसादी भी रोजाना ग्रहण किया। यहां लाखों श्रद्धालु प्रसादी पाते हैं। यहां के श्रद्धालुओं ने रूद्राण भी प्राप्त किया। इस धाम के रूद्राक्ष की बड़ी महिमा है जो भक्तों को आरोग्यता प्रदान करती है। जितनी भी बड़ी बीमारी हो रूद्राक्ष को पानी में गलाकर उसे शिवजी को समर्पित कर कुछ भाग लोटे में झेलकर घर लाना है और बाबा का नाम लेकर उसे ग्रहण करना है। ऐसे करने से धीरे-धीरे रोग समाप्त होने लगता है। कथावाचक पं. मिश्रा ने मिले पत्रों को पढ़कर इसके प्रमाण भी दिए।

## धर्म लाइव

# राम दरबार में आंवला नवमी व गोपाष्टमी पर्व पर जुटे श्रद्धालु



**दुर्ग।** राम दरबार महिला समिति द्वारा महाराजा अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट धमधा रोड स्थित राम मंदिर में पूरे श्रद्धा व आस्था के साथ आंवला नवमी और गोपाष्टमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने एक साथ मिलकर राम दरबार में राम जी के 108 मनका एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया। साथ ही दीपदान भी किया गया। इस दौरान पर्यावरण सुरक्षा का ध्यान रखते हुए महिलाओं आंवला के एक-एक पौधे उपहार स्वरुप भेंट किया गया। आवला पेड़ से जुड़े कहानी का पाठन कमलेश गोयल द्वारा किया गया। आंवला नवमी व गोपाष्टमी पर्व पर राम मंदिर में दिनभर भजन-कीर्तन गुंजायमान रहे। पूजा-अर्चना के बाद अन्नकूट का प्रसाद सामूहिक रूप से वितरण किया गया। इस अवसर पर राम दरबार महिला समिति की मंजू प्रेम अग्रवाल,उषा सुधीर अग्रवाल, वंदना राजेश गुप्ता, प्रीति मनोज राजगड़यिा के अलावा समिति के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## राज्य स्थापना दिवस पर कार्यक्रम

# कत्थक तरंग महोत्सव की हुई शुरुआत तबले की थाप पर थिरके कलाकार



**भिलाई।** राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर तेहाइ डांस एकेडमी भिलाई द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव कथक तरंग की शुरुआत शुक्रवार की शाम को की गई। हिंदू मिलन मंदिर रिसाली में आयोजित कार्यक्रम में कला साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ और सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के सहयोग द्वारा किया जा रहा है। शुक्रवार की शाम उद्घाटन के दौरान मंदिर परिसर घुंघरुओं की रुनझुन और तबले की थाप से गूंज उठा। लय, ताल और भावों की इस संगत ने पूरे वातावरण को अलौकिक बना दिया। नृत्य कार्यशाला की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर की गई। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय कथक नृत्यांगना व गुरु देवश्री मुखर्जी कोलकाता, हिंदू मिलन मंदिर के संरक्षक चंदन रक्षित, समिति के सदस्य सोमेन कुंडु, सुब्रत बैद्य, बबलू विश्वास, देबाद्रिता मुखर्जी, अभिजीत मंडल, श्रौती घोष साहा, शांता मंडल और अमृता सान्याल उपस्थित थे। इस अवसर पर कला साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ कलाकारों सहित अन्य कलाकार उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत तेहाइ डांस अकादमी की निदेशक अमृता सान्याल एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रमों की कड़ी में मनमोहक स्वागत नृत्य ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। गुरु–शिष्य परंपरा की अनुपम झलकियों ने मंच को साधना और सौंदर्य का संगम बना दिया। कार्यक्रम का संचालन स्वाति सेनगुप्ता ने किया। कार्यक्रम में सोमा देव, संगीता सोनपिपरे, सोमा साहू ने व्यवस्था संभाली। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के शांतनु दासगुप्ता ने कहा कि "कथक तरंग" का प्रथम दिवस संगीत, नृत्य और संस्कृति की त्रिवेणी में डूबा एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया।

## दीपावली मिलन समारोह

# स्वदेशी अपनाओ, आत्मनिर्भर भारत बनाओ का लिया संकल्प



**भिलाई।** भिलाई चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा दीपावली मिलन समारोह चेम्बर कार्यालय भिलाई में मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी व्यापारियों ने स्वदेशी अपनाओ, आत्मनिर्भर बनो का संकल्प लिया। भिलाई चेम्बर के महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि 19 दिसंबर को आयोजित भिलाई गौरव दिवस के पूर्व चेम्बर के सदस्य विभिन्न बाजारों में जाकर आम जनों को स्वदेशी उत्पाद अपनाने का संदेश देंगे। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाना केवल आर्थिक नीति नहीं, यह राष्ट्र निर्माण का मार्ग है। हमें आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत मिशन 2047 की दिशा में यह छोटा पर महत्वपूर्ण कदम उठाना होगा। भिलाई चेम्बर के अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा और चेयरमैन दिनकर बासोतिया ने बताया कि आगामी माह में नये उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इंडस्ट्रियल सोलर एवं इनोवेटिव एंटरप्रेन्योरशिप पर एक बड़ा कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में पवन जिंदल, सुनील मिश्रा, मनोहर कृष्णानी, शिवराज शर्मा, प्रेमरतन गहलोत, चिन्ना राव, अखिलेश सिंह आदि मौजूद थे।

## एजुकेशन इवेंट

# स्कूल में चल रही योजनाओं की अधिकारियों ने की समीक्षा



**भिलाई।** दुर्ग विकासखंड के नवनियुक्त विकासखंड शिक्षाधिकारी विनोद कुमार शुक्ला द्वारा विकासखंड दुर्ग के सभी प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयकों की आवश्यक बैठक ली गई। बैठक का प्रमुख उद्देश्य वर्तमान मे शासन द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण निर्देशों का पालन करते हुए कार्य पूर्ण करना था। बैठक मे जिला शिक्षाधिकारी अरविन्द मिश्रा ने अपार आई डी निर्माण एवं आधार अपडेट कार्य, युक्तियुक्तकरण मे मर्ज़ शालाओं के चल अचल सम्पत्ति का हस्तान्तरण करना, पोर्टल मे दर्ज़ अवकाश का सत्यापन समयसीमा पर करना आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। विकासखंड शिक्षाधिकारी विनोद कुमार शुक्ला द्वारा निर्धारित अन्य मुद्दों - उल्लास महापरीक्षा की पूर्व तैयारी, परख परीक्षा की तैयारी, सी बॉक्स एंट्री की जानकारी, सरस्वती सायकल वितरण संबंधी जानकारी, मॉडल स्कूल पर चर्चा, 5वी एवं 8वी केंद्रीयकृत परीक्षा के संबंध मे चर्चा, दो शिफ्ट मे लगने वाली शालाओं की जानकारी, जाति प्रमाण पत्र की समीक्षा आदि पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस सारे मुद्दों को समयसीमा पर पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया गया, साथ ही साथ उपस्थित प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयकों की समस्याओं पर भी चर्चा की। बैठक मे एडीपीओ जे. मनोहरण, सहायक विकासखंड शिक्षाधिकारी राजेश्वरी चंद्राकर, संध्या ढीढी, रश्मि ठाकुर, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक ग्रामीण श्रवण सिन्हा, दुर्ग शहरी स्त्रोत समन्वयक नेम सिंह साहू आदि उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई का आयोजन

कार्नर न्यूज

# क्षेत्रीय भाषाओं में की जानी चाहिए इंजीनियरिंग एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की पढ़ाई, इससे समझने में होगी आसानी : अरोरा

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई द्वारा तकनीकी शिक्षा में भारतीय ज्ञान प्रणाली का समावेश एवं महत्व विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्धेश्य तकनीकी शिक्षा में भारतीय पारंपरिक ज्ञान, मूल्य प्रणाली एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण के समावेश की संभावनाओं पर विचार-विमर्श करना था। कार्यशाला के मुख्य अतिथि डॉ. अतुल कोठारी राष्ट्रीय सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली एवं सदस्य राज्य उच्च शिक्षा परिषद रायपुर थे। अध्यक्षता कुलपति प्रो. अरुण अरोरा ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ. आलोक चक्रवाल कुलपति गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर, प्रो. राजीव प्रकाश निदेशक आईआईटी भिलाई, प्रो. नरेंद्र प्रसाद दीक्षित पूर्व कुलपति हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग, शशांक शर्मा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी थे। आयोजन को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. अरुण अरोरा ने कहा कि नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के अंतर्गत इंजीनियरिंग एवं डिप्लोम पाठ्यक्रमों की पढ़ाई क्षेत्रीय भाषाओं में की जानी चाहिए। साथ ही, इसमें भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेश होना आवश्यक है। भारतीय ज्ञान प्रणाली में निहित वैज्ञानिक, तकनीकी, दार्शनिक एवं नैतिक तत्वों का समावेश तकनीकी शिक्षा को और अधिक प्रासंगिक, समग्र एवं मूल्यपरक बना सकता है।



### देश को बदलना है तो शिक्षा बदलो

मुख्य अतिथि डॉ. अतुल कोठारी राष्ट्रीय सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली एवं सदस्य राज्य उच्च शिक्षा परिषद रायपुर ने कहा कि देश को बदलना है तो शिक्षा को बदलो। उन्होंने कहा कि शिक्षा में वास्तविक परिवर्तन का आधार भारतीय ज्ञान परंपरा है। भारतीय ज्ञान प्रणाली हमारी सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ ज्ञान और विज्ञान का अद्वितीय संगम प्रस्तुत करती है। इसके समावेश से विद्यार्थियों में न केवल तकनीकी दक्षता का विकास होगा, बल्कि आत्मनिर्भरता, नवाचार और नैतिक मूल्यों की भी वृद्धि होगी। डॉ. कोठारी ने भारतीय ज्ञान परंपरा के आधार पर पाठ्यक्रम सुधार की दिशा में मानसिक परिवर्तन, जीवन मूल्यों, योग, सनातन संस्कृति तथा विभिन्न विषयों में निहित पारंपरिक ज्ञान के समावेश की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि छात्र प्रोजेक्ट वर्क के माध्यम से व्यावहारिक ज्ञान को शीघ्रता से अर्जित कर सकते हैं। साथ ही, स्थानीय, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कौशल विकास और शोध नवाचार के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करने की आवश्यकता है।

### ऋषियों के खगोलीय व वैज्ञानिक ज्ञान पर डाला प्रकाश

डॉ. नरेंद्र प्रसाद दीक्षित ने अपने वक्तव्य में प्राचीन भारतीय ऋषियों के अद्भुत खगोलीय एवं वैज्ञानिक ज्ञान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ऋग्वेद में अनेक स्थलों पर ऐसे उल्लेख मिलते हैं जो आधुनिक विज्ञान के सिद्धांतों से मेल खाते हैं। उन्होंने विशेष रूप से ऋग्वेद 1.50.4 का उल्लेख करते हुए बताया कि इसमें सूर्य की गति का अत्यंत सूक्ष्म वैज्ञानिक वर्णन मिलता है। इस मंत्र के अनुसार सूर्य का प्रकाश आधा निमिष में योजनाओं की दूरी तय करता है। डॉ. दीक्षित ने समझाया कि एक निमिष लगभग 16/75 सेकंड के बराबर होता है। यदि इस गणना को आधुनिक मापदंडों से देखा जाए तो यह प्रकाश की गति के अत्यंत समीप आती है। यह प्रमाण है कि हमारे ऋषियों को हजारों वर्ष पहले ही खगोलीय गणनाओं का गहन ज्ञान था। उन्होंने ऋषि ज्येष्ठा, अरुंधती और वशिष्ठ जैसे महान भारतीय ऋषियों का उल्लेख करते हुए बताया कि वे न केवल आध्यात्मिक दृष्टा थे, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखने वाले विद्वान भी थे। उन्होंने आह्वान किया कि हमें भारतीय ज्ञान परंपरा में निहित इस वैज्ञानिक चेतना को पुनः पहचानना चाहिए और आधुनिक शिक्षा तथा अनुसंधान में इसका समावेश करना चाहिए। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा आईकेएस के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

सिटी स्पोर्ट्स

## महापौर ट्रॉफी में जुटे पावर लिफ्टर श्रीलंका के लिए होगा चयन




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन एवं प्रोटीन विला के संयुक्त तत्वाधान में महापौर ट्रॉफी का आयोजन बूढ़ेश्वर मंदिर भवन में किया गया। रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुनील सोनी ने उद्घाटन के उपरांत अपने उदबोधन में कहा कि आज रायपुर में वेट लिफ्टिंग बॉडी बिल्डिंग और पावर लिफ्टिंग जीवित है तो उसका श्रेय मानिक ताम्रकार को जाता है। इस खेल में 90 प्रतिशत गरीब बच्चे होते है अभी इस खेल में दिव्यांग बच्चे भी दिखाई दे रहे है। छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार महापौर ट्रॉफी हो रही है। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डिंग के अध्यक्ष दुर्गेश साहू और मानिक ताम्रकार ने बताया पावर लिफ्टिंग स्पोर्ट्स ऑर्गेनाइजेशन इंडिया के महासचिव दुर्गेश राजोरिया के द्वारा वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप श्रीलंका में 26 नवंबर को होने वाली है, इसका भी इसी प्रतियोगिता में चयन किया जाना है। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक पिंटू वर्मा छत्तीसगढ़, प्रशांत कुमार ओडिशा, दुर्गेश राजोरिया यूपी, प्रदीप क्षत्रिय, विनीत कुमार और संजू दास थे।

## राष्ट्रीय कायाकिंग एंड कैनोइंग मे छत्तीसगढ़ को मिले 18 पदक



**रायपुर।** पहली राष्ट्रीय आदिवासी कायाकिंग एंड कैनोइंग चैंपियनशिप का आयोजन हैदराबाद के हुसैन सागर में 28 से 31 अक्टूबर तक किया गया। जिसमे सब जूनियर, जूनियर और सीनियर श्रेणी में महिला एवं पुरुष वर्ग में प्रतियोगिताएं हुई। पहले दिन छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने 10 पदक जीतकर राज्य को रजत जयंती का तोहफा दिया था वही दूसरे दिन कुल 8 पदक हासिल किये इस तरह छत्तीसगढ़ कायाकिंग एंड कैनोइंग खेल के खिलाड़ियों ने 18 पदक हाशिल किये। दूसरे दिन सी 1 महिला 200 मीटर में मनमती बघेल कांस्य पदक, सी4 मिक्स 200 मीटर में मनमती बघेल कांस्य पदक,सी 2 महिला 200 मीटर में मनमती बघेल कांस्य पदक, सी1 जूनियर 200 मीटर में मनमती बघेल कांस्य पदक, सी 4 मिक्स जूनियर 200 मीटर में मनमती बघेल कांस्य पदक,के 2 200 मी सीनियर में सतदेव बघेल व बलिराम कांस्य पदक, के1 200 मी सीनियर में सतदेव बघेल रजत पदक और के1 200 मी जूनियर में कांस्य पदक शिव पुजारी शामिल हैं।

उक्त चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल करने वाले खिलाड़ियों को 3000 व ब्रॉन्ज मेडल हासिल करने वाले खिलाड़ियों को 2000 पुरस्कार राशि दिया गया। इस अवसर पर बलदेव सिंह भाटिया अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ, रोहित काले कार्यकारी अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ, अभिजीत मिश्रा सचिव, छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ प्रशांत सिंह रघुवंशी सहसचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ, अमरजीत छाबड़ा सह सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ ने अपनी शुभकामनाएँ दी।

## सहायक उप निरीक्षक शोभनाथ एशिया एथलेटिक चैंपियनशिप में चयनित



**रायपुर।** पुलिस विभाग के जिला विशेष शाखा बिलासपुर में प्रभारी के रूप में कार्यरत सहायक उप निरीक्षक शोभनाथ यादव का चेन्नई में 5 से 10 नवंबर तक आयोजित 23 वीं एशिया मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप में भारतीय एथलेटिक टीम से डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो के लिये चयन हुआ है। शोभनाथ यादव वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के मार्ग दर्शन में पुलिस ग्राउण्ड एवं बहतराई स्टेडियम बिलासपुर में लगातार प्रैक्टिस कर रहे है। श्री यादव पूर्व में भी अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेकर प्रतियोगिता में मेडल जीत चुके है।

फ्लू को गंभीरता से लेना जरूरी

# फ्लू को सिर्फ सर्दी-जुकाम समझने की न करें भूल, कहीं हार्ट अटैक का न बन जाए कारण

कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने 155 अध्ययनों की समीक्षा में पाया कि कोविड, फ्लू या लंबे समय तक वायरल संक्रमण से पीड़ित होने से दिल का दौरा या स्ट्रोक का खतरा बढ़ सकता है। बीते कुछ महीनों में दुनिया के कई देशों में फ्लू के मामले तेजी से बढ़े हैं। मौसम में बदलाव, वायरस में हुए म्यूटेशन और कमजोर इम्युनिटी की वजह से लोग बड़ी संख्या में इसकी चपेट में आ रहे हैं।

एक रिपोर्ट में जापान और फिर मलेशिया में फैले फ्लू के संक्रमण और इसके कारण बिगड़े हालात के बारे में जानकारी हाल ही में आई थी। भारत में भी फ्लू के नए वैरिएंट्स के कारण संक्रमण के मामलों में तेजी से उछाल देखा गया था। अगर आप इस संक्रमण को हल्के में लेते हैं, इसे सामान्य सर्दी-जुकाम मानकर अनेदखा कर देते हैं तो सावधान हो जाइए, कहीं ये किसी गंभीर समस्या का कारण न बन जाए?

हालिया रिपोर्ट्स में विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार फ्लू के कुछ नए वैरिएंट्स सामने आए हैं, जो पहले की तुलना में न सिर्फ ज्यादा खतरनाक हैं बल्कि इसके कारण कई लोगों को अस्पतालों तक में भर्ती होना पड़ा है। इन्फ्लुएंजा वायरस लगातार बदलता रहता है। आमतौर पर



इससे संक्रमण की स्थिति में बुखार, गले में खराश, बदन दर्द और सांस लेने में दिक्कत जैसे लक्षण ज्यादा देखने को मिलते रहे हैं। हालांकि अब अध्ययनों में अलर्ट किया जा रहा है कि फ्लू जैसे संक्रमण हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी गंभीर और जानलेवा समस्याओं का कारण बन सकते हैं जिसको लेकर सभी लोगों को अलर्ट रहने की जरूरत है।

### कोविड, फ्लू के कारण हार्ट अटैक का जोखिम

कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने 155 अध्ययनों की समीक्षा में पाया कि कोविड, फ्लू या लंबे समय तक वायरल संक्रमण से पीड़ित होने से दिल का दौरा या स्ट्रोक का खतरा बढ़ सकता है। अध्ययन में पाया गया कि जो लोग लंबे समय तक कोविड या फ्लू के संक्रमण से पीड़ित थे, उनमें संक्रमण के बाद के हफ्तों में हृदय संबंधी समस्याओं का जोखिम, अन्य लोगों की तुलना में पांच गुना अधिक था। जिन लोगों को फ्लू हुआ, उनमें संक्रमण के एक महीने के भीतर दिल का दौरा पड़ने का चार गुना और स्ट्रोक का पांच गुना अधिक जोखिम पाया गया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा, हम सभी को इस तरह के जोखिमों को लेकर अलर्ट रहने की आवश्यकता है, फ्लू जैसे संक्रमण भी कई बार गंभीर समस्याओं का कारण बन सकते हैं।



### अध्ययन में क्या पता चला?

अध्ययन में पाया गया कि कोविड से संक्रमित लोगों में संक्रमण के 14 हफ्तों के भीतर दिल का दौरा या स्ट्रोक होने की आशंका तीन गुना अधिक देखी गई। यहां जोखिम सिर्फ वायरल संक्रमण तक ही सीमित नहीं हैं।



शोधकर्ताओं ने पाया कि एचआईवी, हेपेटाइटिस सी जैसे संक्रमण से पीड़ित रोगियों में हार्ट अटैक का जोखिम 60 प्रतिशत और स्ट्रोक का जोखिम कुल मिलाकर 45 प्रतिशत अधिक देखा गया। अध्ययन का नेतृत्व करने वाले महामारी विज्ञानी डॉ. कोसुके कवाई कहते हैं, यह सर्वविदित है कि मानव पेपिलोमावायरस (एचपीवी), हेपेटाइटिस बी वायरस और अन्य वायरस कैंसर का कारण बन सकते हैं। हालांकि, वायरल संक्रमण के कारण हृदय रोग जैसी गैर-संचारी बीमारियों के बीच संबंध को कम ही समझा गया है।

### वायरल संक्रमण कैसे बनता है हार्ट अटैक का कारण

वैज्ञानिकों ने कहा, दशकों से वायरल संक्रमण, दिल के दौरे या स्ट्रोक के बीच संबंध होने का संदेह रहा है। इस अध्ययन में इन संबंधों की पुष्टि होती है। यह स्पष्ट नहीं है कि संक्रमण इन जोखिम क्यों बढ़ाते हैं, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि प्रतिरक्षा प्रणाली के अति सक्रिय होने से शरीर में इंफ्लेमेशन की स्थिति उत्पन्न होती है, जिससे रक्त के थक्के बनने और इसके कारण हृदय संबंधी जटिलताओं का खतरा बढ़ जाता है।शोधकर्ताओं ने कहा कि संक्रमण से पीड़ित होने के बाद वृद्ध लोगों में युवाओं की तुलना में जोखिम कहीं अधिक होता है।



## अखिल भारतीय रेलवे तीरंदाजी प्रतियोगिता का शानदार शुभारंभ

**रायपुर।** 15वीं अंतर रेलवे तीरंदाजी प्रतियोगिता (पुरूष एवं महिला) 2025 का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक, दयानंद ने सेकरसा मैदान डब्ल्यू आर एस कालोनी, रायपुर में 30 अक्टूबर की शाम किया। ढोल नगाड़ों, आतिशबाजी के शानदार प्रदर्शन और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ प्रतियोगिता की शुरूआत ने सभी खिलाड़ियों, खेल प्रतिनिधियों और उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि ने सबसे पहले टूर्नामेंट में भाग लेने वाले 12 विभिन्न जोन से आए खिलाड़ियों और उनके प्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त किया। उसके पश्चात सेकरसा, रायपुर की ओर से शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। टूर्नामेंट का बैकग्राउंड म्यूजिक थीम ₹ओ सिकंदर ओ सिकंदर₹ ने पूरे समय में मैदान में उपस्थित खिलाड़ियों और दर्शकों में उर्जा और उत्साह का संचार करता रहा।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद अध्यक्षा सेक्रो श्रीमती शिखा सिंह ने प्रतियोगिता का शुभंकर ₹बस्तर-पहाड़ी मैना₹ का एवं



मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने चैंपियनशिप की ट्रॉफियों का अनावरण किया और प्रतियोगिता के विधिवत शुभारंभ की घोषणा की। प्रतियोगिता को नई ऊंचाईयों तक पहुँचाने के उद्देश्य से मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों ने गुब्बारों को हवा में छोड़ा।

मुख्य अतिथि दयानंद ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों का न सिर्फ उत्साहवर्धन किया बल्कि एक स्वस्थ माहौल में प्रतियोगिता का आनंद लेने के लिए भी सभी को प्रेरित किया। अतिथियों ने प्रतियोगिता के मुख्य आकर्षण अर्जुन पुरस्कार विजेता डोला बनर्जी एवं राहुल बैनर्जी एवं ओलम्पियन लक्ष्मी रानी माझी से सौजन्य भेंट की।

वरिष्ठ खेल अधिकारी एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग ने तीन दिवसीय प्रतियोगिता पर प्रकाश डाला। उद्घाटन समारोह में मुख्य कारखाना प्रबंधक एन के भंडारी, अपर मंडल रेल प्रबंधक बजरंग अग्रवाल के अलावा मंडल के बहुत से अधिकारी उपस्थित थे।

### शुभंकर-बस्तर पहाड़ी मैना के संरक्षण का संदेश

आयोजन में वरिष्ठ खेल अधिकारी व वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग ने ₹बस्तर पहाड़ी मैना - छत्तीसगढ़ राज्य पक्षी के संरक्षण₹ की आवश्यकता के संबंध में खिलाड़ियों और दर्शकों को बताया। तीन दिवसीय टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए 12 जोन के कुल 68 खिलाड़ियों के सम्मिलित होने की जानकारी भी उन्होंने अपने अभिभाषण में दी। त्रि दिवसीय प्रतियोगिता का समापन समारोह 1 नवंबर को शाम 5 बजे होगा। जिसके मुख्य अतिथि तरुण प्रकाश महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे तथा विशिष्ट अतिथि मनीष अग्रवाल पीसीएमई एवं अध्यक्ष सेकरसा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ, बिलासपुर रहेंगे।

### उद्घाटन समारोह में लोकनृत्यों की मनमोहक झलक

उद्घाटन समारोह में शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जिसका प्रारंभ कमला देवी संगीत महाविद्यालय, रायपुर के नृत्य विभाग के छात्र-छात्रा चिरंजीवी और तेजस्विता शाह के द्वारा शिवस्तुति (कथक नृत्य) की प्रस्तुति से हुआ। उसके पश्चात खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए गायक कलाकार श्री अंकित भारती ने ₹आशाएं₹ गीत की प्रस्तुत दी। रेलवे के केसरी बाग एवं ग्रुप ने संबलपुरी ढेमसा लोकनृत्य प्रस्तुत किया। पी लिखिताश्री, सुपुत्री पी सोमशेखर ने प्रेरणास्पद योगानृत्य की प्रस्तुति दी। डिलेश्वरी द्वारा उर्जा से परिपूर्ण सूफी गीत ₹दमा दम मस्त कलंदर₹ की प्रस्तुति ने सबको झूमने के लिए मजबूर कर दिया।

## छत्तीसगढ़ फुटबॉल चैंपियंस में ब्रह्मविद, फाइटर चैलेंजर्स, पैंथर्स और जेएसएफ ने जीते अपने मुकाबले



**रायपुर।** वीर स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर में प्रदेश के पहले फ्रेंचाइजी रात्रिकालीन फुटबॉल टूर्नामेंट छत्तीसगढ़ फुटबॉल चैंपियंस लीग में शानदार मुकाबले चल रहे हैं। दूसरे दिन 5 मुकाबले खेले गए। पहला मैच शाम 6 बजे से ब्रहमविद एफसी एवं इंफिनिटी टाइगर्स के मध्य खेला गया। जिसमें ब्रह्मविद ने अपने दमदार खेल के दम पर इंफिनिटी टाइगर्स को 5–1 से पराजित किया। ब्रह्मविद की ओर से भोले एस मिरिंडा ने 3 गोल, अरुण और शोएब रवानी ने एक एक गोल दागे। दिन का दूसरा मैच फिल्स फाइटर बिलासपुर और बोर्नियो कैपिटल के मध्य खेला गया, जिसे फिल फाइटर ने कड़े मुकाबले में बोर्नियो कैपिटल्स को 2–1 से हराया। फाइटर्स की ओर से प्रदीप सोनी ने दो शानदार गोल मार कर अपनी टीम को जीत दिलाई। रात्रि का तीसरा मैच नरेश चैलेंजेस और शराफत लायंस के मध्य हुआ, अजय कश्यप के एक गोल की बदौलत चैलेंजर्स को जीत मिली। दिन के चौथे मुकाबले में मैट्स पैंथर्स ने एसएस ब्लास्टर्स को 3–2 से हराकर जीत दर्ज की। पहले हाफ में ब्लास्टर की ओर से दो गोल दागे गए जिसमें 1 गोल काशी राम क्षत्रिय ने दागा वहीं दूसरे हाफ में मेट्स पैंथर्स ने जवाबी हमला करते हुए नितेश लकरा, अमोल एक्का, तरुण दलाई के एक एक गोल की बदौलत जीत हासिल कर ली। देर रात हुए अंतिम मुकाबले में जेएसएफ क्लब ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विला एफसी को 4–0 से पराजित किया। प्रथम, मॉरिस, पीयूष और निरंजन ने एक एक गोल दाग कर एक तरफ जीत हासिल कराई। दूसरे दिन के सभी मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार फिटनेस, अनुशासन और जज़्बा दिखाया। दर्शकों ने भी पूरे उत्साह के साथ मैचों का आनंद लिया। यह जानकारी वीर स्पोर्ट्स क्लब अध्यक्ष अधिवक्ता प्रवीण जैन ने दी।

- रात्रिकालीन फुटबॉल टूर्नामेंट छत्तीसगढ़ फुटबॉल चैंपियंस लीग शुरू

## हल्दी का ये उपाय बदल देगा घर का माहौल, दूर हो सकते हैं वास्तु दोष और नकारात्मक ऊर्जा

हल्दी सिर्फ घर के खाने का स्वाद ही नहीं बढ़ाती है, बल्कि इसका इस्तेमाल घर के वास्तु को सुधारने के लिए किया जाता है। आप भी इसके उपाय से अपने घर से नकारात्मक ऊर्जा को कम कर सकती हैं। आइए एक्सपर्ट से जानते हैं कैसे करना है इसका इस्तेमाल।

### घर के वास्तु के लिए क्यों महत्वपूर्ण होती है हल्दी?

हल्दी सदियों से धार्मिक और आयुर्वेदिक मान्यताओं में उपयोग होती आई है। इसे न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है, बल्कि यह नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने और घर में सकारात्मक वातावरण बनाने में भी मदद करती है। इसलिए हमारी मम्मी भी घर की ऊर्जा को पॉजिटिव बनाने के लिए इसका इस्तेमाल घर के दरवाजे पर जरूर करती हैं। इससे घर का वातावरण अच्छा बना रहता है।



### हल्दी से वास्तु दोष दूर करने का तरीका

घर पर आपको लग रहा है कि नेगेटिव एनर्जी ज्यादा महसूस हो रही है, तो ऐसे में आप घर के मुख्य दरवाजे पर हल्दी की गांठ को लाल कपड़े में बांधकर टांगे। इसे रखने से आपके घर में किसी तरह की नेगेटिव एनर्जी नहीं आएगी। साथ ही आपके घर का वातावरण अच्छा बना रहेगा। घर की पूजा में करें हल्दी का इस्तेमाल। आप भगवान को हल्दी का तिलक लगाएं। वही तिलक अपने माथे पर रोजाना लगाएं। इससे आपके घर का वास्तु अच्छा हो जाएगा। आप अपने पूरे घर में रोजाना हल्दी के पानी का छिड़काव करें। इससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। हल्दी को लाल फूलों के साथ पूजा में शामिल करने से वास्तु दोष कम होते हैं और घर का माहौल शांत रहता है।

### वास्तु के हिसाब से हल्दी के फायदे

हल्दी के इस्तेमाल से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार बना रहता है। हल्दी के इस्तेमाल से वास्तु दोष का प्रभाव कम होता है। हल्दी का इस्तेमाल करते हैं, तो इससे मानसिक शांति और तनाव में कमी आती है।

कार्नर न्यूज

मणिपुर फेंसिंग एसोसिएशन की ओर से फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 3 से होगी प्रतियोगिता

# छत्तीसगढ़ के तलवारबाज राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दिखाएंगे जलवा, प्रशिक्षण शिविर के बाद खिलाड़ी इम्फाल रवाना

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ की सब जुनियर बालक एवं बालिका फेंसिंग टीम 27वीं राष्ट्रीय फेंसिंग चैम्पियनशिप में भाग लेने हेतु इम्फाल (मणिपुर) के लिये रवाना हुई। मणिपुर फेंसिंग एसोसियेशन द्वारा फेंसिंग एसोसियेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 03 से 08 नवम्बर तक यह स्पर्धा आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ की 28 सदस्यीय फेंसिंग टीम भाग ले रही है।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ पुरुष एवं महिला फेंसिंग टीम के गठन हेतु चयन स्पर्धा का आयोजन इस्पात क्लब, सेक्टर-1, भिलाई में 5 अक्टूबर को आयोजित किया गया था जिसमें प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों की सूची तैयार की गई थी। चयन स्पर्धा पश्चात खिलाड़ियों का विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बहुउद्देशीय हॉल, इस्पात क्लब में 16 से 29 अक्टूबर तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविर का समापन 29 अक्टूबर को दोपहर 3:30 बजे छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसियेशन के महासचिव बशीर अहमद खान के द्वारा किया गया। राज्य की सब- जुनियर बालक एवं बालिका टीम की घोषणा की गई।

टीम को खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जाने-आने का रेल्वे किराया एवं दैनिक यात्रा भत्ता प्रदान एवं ट्रेकसूट प्रदान किया गया है। प्रदेश फेंसिंग एसोसियेशन के अध्यक्ष एस. प्रकाश आई.ए.एस., कार्यकारी अध्यक्ष सुनिल रामदास अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत सिंह पटेल, भारतीय फेंसिंग महासंघ एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसियेशन के महासचिव बशीर अहमद खान, छत्तीसगढ़ ओलम्पिक एसोसियेशन के महासचिव विक्रम सिंह सिसोदिया, सहसचिव सहीराम जाखड़, उपाध्यक्ष प्रिंस भाटिया, कमल चौहान, डी. कोन्डय्या, सहसचिव निखिल कुमार जांभुलकर, अखिलेश दुबे, वरुण पांडे, संतोष कुमार साहू आदि ने शुभकामनाएं दी है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बालक एवं बालिका खिलाड़ियों एवं अधिकारियों में बालक टीम में फॉइल इवेन्ट कौस्तुभ बोराल (दुर्ग), संकल्प सिंह (दुर्ग), त्रेयांश कौशिक (दुर्ग), बी. शौर्य (दुर्ग), ईपी इवेन्ट में देवाशिष साहू ( बिलासपुर), श्रेयांश गुप्ता (दुर्ग), वीर कुमार गुप्ता (दुर्ग), भौमिक यादव (दुर्ग), सैबर इवेन्ट में शौर्य सिंह (दुर्ग), जी. आदित्य कुमार (दुर्ग), हर्ष यादव (दुर्ग), 12. ऋषभ अहिरवार (दुर्ग), प्रशिक्षक व्ही. जॉनसन सोलोमन (दुर्ग) और प्रबंधक दक्ष चौधरी (दुर्ग) शामिल हैं। बालिका टीम फॉइल इवेंट में स्नेहा यादव (दुर्ग), गीतांजली सिंह (दुर्ग), प्रिया बंजारे (दुर्ग), सैय्यद आमना अली (रायपुर), ईपी इवेन्ट में साक्षी बंजारे (दुर्ग), दृष्टि यादव (दुर्ग), मेघा सिंह (दुर्ग), जिज्ञासा पटेल (दुर्ग), सैबर इवेन्ट में माही निषाद (दुर्ग), रिया लहरे (रायपुर), वाणी साहू (दुर्ग), गुरसहज कौर (रायपुर), प्रशिक्षक योगेश कुमार सिन्हा (दुर्ग) और प्रबंधक मोना पटेल (दुर्ग) शामिल हैं।





## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉड्र्स में रैपर बैड बनी का दबदबा रहा



मियामी के मंच पर इस साल लैटिन संगीत का सबसे बड़ा उत्सव देखने को मिला। साल 2025 के लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉर्ड्स में जब विजेताओं की घोषणा हुई तो हर तरफ एक ही नाम सुनाई दे रहा था। वो नाम है- बैड बनी। जी हां, मशहूर रैपर बैड बनी ने एक ही रात में 11 अवॉर्ड्स जीतकर यह साबित कर दिया कि लैटिन म्यूजिक की दुनिया में वो बहुत आगे निकल चुके हैं।

दुनियाभर में 'टीटी मे प्रेगुंतो' जैसे गानों के लिए पहचान बना चुके रैपर बैड बनी ने इस दौरान आर्टिस्ट ऑफ द ईयर, सॉन्गराइटर ऑफ द ईयर और टॉप लैटिन एल्बम जैसे बड़े खिताब अपने नाम किए। उनका हालिया एल्बम देबी तिरार मास फोटोज दर्शकों के बीच रिकॉर्ड तोड़ लोकप्रियता हासिल कर चुका है और अब अवॉर्ड्स ने उसकी सफलता पर मुहर लगा दी है। केवल बैड बनी ही नहीं, बल्कि लैटिन म्यूजिक के दूसरे सितारे भी इस रात अपनी चमक बिखेरते नजर आए। राउ एलेजांद्रो को कई अहम श्रेणियों में फाइनलिस्ट घोषित किया गया, जिनमें आर्टिस्ट ऑफ द ईयर और टूर ऑफ द ईयर जैसी कैटेगरी शामिल थीं। वहीं, करोल जी ने भी अपने लोकप्रिय गीत 'सी आंतेस ते उबिएरा कोनोसीदो' के लिए पांच नामांकन हासिल किए और छह अवॉर्ड्स जीतकर महिलाओं के वर्ग में इतिहास रच दिया। शकिरा, जिनकी टूरिंग स्टाइल और मंच पर उपस्थिति आज भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है, उन्हें इस दौरान 'टूर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड मिला। वहीं बेनी ब्लांको को क्रॉसओवर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर का सम्मान मिला, जिन्होंने लैटिन और मुख्यधारा संगीत को आपस में जोड़ने में काफी अहम भूमिका निभाई है।

### टॉलीवुड

## 'महाकाली' में असुर गुरु बनें अक्षय को देख उड़े होश, ऐसे तैयार हुआ लुक



हाल ही फिल्म 'महाकाली' से असुर गुरु शुक्राचार्य के रोल में अक्षय खन्ना का फर्स्ट लुक रिलीज किया गया। इसने सभी के होश उड़ा दिए। पर जानते हैं कि शुक्राचार्य बनने में अक्षय को कितना वक्त लगता है और उनके रोल में क्या ट्विस्ट है? हाल ही साउथ फिल्म 'महाकाली' से एक्टर अक्षय खन्ना का फर्स्ट लुक रिलीज किया गया था, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया था। फिल्म में अक्षय खन्ना 'असुर गुरु शुक्राचार्य' का किरदार निभा रहे हैं। अक्षय खन्ना को पहचान पाना बहुत मुश्किल था। लंबे-भूरे बालों और भूरी दाढ़ी में अक्षय काफी गंभीर नजर आ रहे थे, और उनके बालों और आंखों में चांदी जैसी चमक दिखी। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अक्षय को असुर गुरु शुक्राचार्य बनने में कितनी देर लगती है? कैसे उनका लुक तैयार किया गया और फिल्म में उनका रोल क्या होगा? चलिए बताते हैं। 'महाकाली' की कहानी प्रशांत वर्मा ने लिखी है, और इसे पूजा कोल्लुरू ने डायरेक्ट किया है। यह फिल्म प्रशांत वर्मा सिनेमैटिक यूनिवर्स का हिस्सा है, जिसकी शुरुआत तेजा सज्जा की फिल्म 'हनुमान' से हुई थी। अब सभी इस यूनिवर्स की नई फिल्म 'महाकाली' के लिए एक्साइटेड हैं। यह एक्साइटमेंट फिल्म से असुर गुरु शुक्राचार्य के रोल में अक्षय खन्ना का लुक सामने आने के बाद और बढ़ गई। 'महाकाली' को साउथ की पहली फीमेल सुपरहीरो फिल्म बताया जा रहा है। डायरेक्टर पूजा कोल्लुरु ने 'महाकाली' में असुर गुरु शुक्राचार्य के किरदार के पीछे की सोच के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'वह न तो पूरी तरह से खलनायक है और न ही पूरी तरह से एक अच्छा इंसान। वह दोनों के बीच है। इस द्वंद्व को दर्शाने के लिए हमने एक मोनोक्रोमैटिक ग्रे पैलेट चुना है और उसमें सिल्वरी फील दिया।

### छॉलीवुड

## बीए...सीरिज के बाद अब एम ए प्रीवियस' दर्शकों से रूबरू होने तैयार



छत्तीसगढ़ी सिनेमा में लगातार सुपरहिट ''बीए' सीरिज देने के बाद अब बाद निर्माता राज वर्मा और लेखक-निर्देशक प्रणव झा की सुपरहिट जोड़ी इस सीरीज का चौथा भाग 'एम ए प्रीवियस' लेकर आ रही है। फिल्म की रिलीज 7 नवंबर को है और पूरी टीम इसे लेकर बेहद उत्साहित है। बता दें कि इस सीरीज की पहली दो फिल्में 'बीए फर्स्ट ईयर' और 'बीए सेकंड ईयर' यूट्यूब पर अब तक की सबसे ज्यादा देखी जाने वाली छत्तीसगढ़ी फिल्में हैं, जिसने इस सीरीज को एक ब्रांड बना दिया है। फिल्म के निर्देशक प्रणव झा ने कहानी के बारे में बताया, यह फिल्म दो भाइयों के खूबसूरत रिश्ते पर आधारित है, जिसमें बड़ा भाई प्रोफेसर है और छोटा भाई 'एम ए प्रीवियस' का छात्र। कहानी का मुख्य द्वंद्व अरेंज मैरिज और लव मैरिज को लेकर दोनों भाइयों की अलग-अलग विचारधारा है। इसी ताने-बाने को एक मनोरंजक पारिवारिक ड्रामा के साथ परदे पर उतारा गया है। फिल्म में छत्तीसगढ़ी फिल्मों के सुपरस्टार दीपक साहू और राज वर्मा मुख्य भूमिका में हैं। उनके साथ उड़ीसा की सुपरस्टार हिरनमई दास और नवोदित अभिनेत्री व प्रसिद्ध इंस्टाग्रामर आराधना साहू मुख्य भूमिका निभा रही हैं। फिल्म की दमदार स्टारकास्ट में राजेश बागमारे, अंजलि चौहान, लक्ष्मी झा, संजू साहू, धर्मेंद्र चौबे, संगीता निषाद, राजू कोल्हाटकर, शमशेर शिवनी, मोहित जोशी, दादू साहू, मंदिर नायक और पप्पू चंद्राकर जैसे मंझे हुए कलाकार भी शामिल हैं।



लाइफ स्टाइल

चीता छाप का ट्रेंड

दुनिया भर में एक तरफ जहां पशुओं के संरक्षण के लिए आवाजें बुलंद होती है, वहीं इन जंगली जानवरों से जुड़े डिजाइन को बतौर फैशन खूब पसंद भी किया जाता है। हाल ही में लंदन फैशन वीक में मॉडल एस्टर मानस, इसाबेल, मैरेंट, ज़िमरमैन और एलेक्ज़ेंडर मैक्वीन 'चीता छाप' में नजर आई। कई पर्सनल स्टाइलिस्ट कहते हैं कि 'चीता छाप' एक न्यूट्रल रंग है। वैसे, इस 'चीता छाप' को पसंद करने वालों को पशु विरोधी मानना गलत होगा।

## असल उम्र से कम दिखने कच्चे दूध का करें इस्तेमाल, त्वचा दिखेगी जवां

उम्र के साथ त्वचा में कई तरह के बदलाव होते रहते हैं। वहीं उम्र चाहे कितनी भी हो, रोजाना त्वचा का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आपको मार्केट में कई स्किन केयर प्रोडक्ट्स भी आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन लगभग सभी प्रोडक्ट्स में कई प्रकार के केमिकल मौजूद होते हैं जो त्वचा की चमक को फीका बना सकते हैं। त्वचा की देखभाल करने के लिए आप कच्चे दूध का इस्तेमाल चेहरे पर कर सकती हैं। तो चलिए जानते हैं कैसे करें जवां और खूबसूरत त्वचा पाने के लिए कच्चे दूध का इस्तेमाल और जानेंगे इसके त्वचा को मिलने वाले फायदे।

### कच्चे दूध को चेहरे पर लगाने के फायदे

कच्चे दूध में विटामिन-ए होता है जो त्वचा को मुलायम बनाने में मदद करता है। यह त्वचा को नमी देने का काम भी करता है जिसके कारण त्वचा मॉइस्चराइज नजर आती है।

### शहद को चेहरे पर लगाने के फायदे

त्वचा में मौजूद पोर्स की सफाई करने से लेकर स्किन को मॉइस्चराइज करने का काम करता है। त्वचा को नैचुरली एक्सफोलिएट करने के लिए शहद बेहद फायदेमंद होता है। यह स्किन टेक्सचर को सुधारने के



काम भी आता है।

### जवां त्वचा पाने के लिए क्या करें?

जवां त्वचा पाने के लिए सबसे सबसे पहले एक बाउल में करीब 2 चम्मच शहद के साथ 2 से 3 चम्मच कच्चे दूध की मिलाएं। इन दोनों को अच्छी तरह से मिलाकर चेहरे की त्वचा पर लगा लें। इस फेस पैक को ब्रश की मदद से अपने चेहरे पर लगाएं।

## पहनेंगी लेहरिया साड़ी की ये डिजाइंस तो कोई नहीं लगा पाएगा आपकी उम्र का अंदाजा



अगर बात लेटेस्ट फैशन की करें तो महिलाओं के लिए इसका सीधा संबंध त्यौहारों से होता है। ऐसे में इन दिनों लेहरिया साड़ी खूब ट्रेंड कर रही है। आप भी इसे पहनें और अपने आकर्षण से सबको मंत्रमुग्ध कर दें! कुछ खास अवसर आपकी खूबसूरती को और निखारेगा, कोई भी आपकी उम्र का अंदाजा नहीं लगा पाएगा।



बात अगर सिंपल सोबर साड़ी की है, जो लाइट वेट होने के साथ ही आपको बहुत अच्छा लुक दे सके। आज हम लाइटवेट और खूबसूरत लेहरिया साड़ी के कुछ विकल्प दिखाएंगे, जो आप त्यौहारों पर रीक्रिएट कर सकती हैं। बेस्ट बात तो यह है कि आपकी उम्र कितनी भी हो जाए आप लेहरिया साड़ी पहनकर हमेशा ही जवां-जवां नजर आएंगी।

### रफल लेहरिया साड़ी डिजाइन



साड़ी में रफल अंदाज काफी समय से लोकप्रिय हो रहा है। आपने साड़ियों के विभिन्न पैटर्न में रफल स्टाइल देखी होगी। लेहरिया साड़ी में भी आपको रफल अंदाज वाली साड़ी बाजार में मिल जाएंगी। इस तरह की साड़ी को आप डिजाइनर ब्लाउ या फिर क्रॉप टॉप के साथ कैरी कर सकती हैं। इससे आपको ट्रेंडी और स्टाइलिश लुक मिल जाएगा। अगर आप अपने साड़ी लुक को और भी बेहतर बनाना चाहती हैं, तो आप इसके साथ स्टड्स, ब्रॉड लुक वाले ईयररिंग्स और झुमकियां भी पहन सकती हैं।

### गोटा वर्क लेहरिया साड़ी डिजाइन

गोटा वर्क एक पारंपरिक कढ़ाई है, जो किसी भी कपड़े पर कर दी जाए, तो उसमें एथनिक लुक आ जाता है। खासतौर पर यह कढ़ाई लेहरिया वर्क वाली साड़ी पर बहुत अच्छी लगती है। इससे आपकी साड़ी लाइटवेट होते हुए भी हेवी और डिजाइनर नजर आती है। अगर आप भी इस तरह की साड़ी खरीद रही हैं, तो इसे आप सिंपल ब्लाउज के साथ कैरी करें।

## चौड़े पैरों को खूबसूरत बनाएंगी बिछिया की कुछ नई डिजाइंस

हमारी संस्कृति में महिलाओं के लिए पैरों में बिछिया पहनने का महत्त्व अधिक होता है। इसमें आपको कई सारे डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। वहीं बदलते फैशन के दौर में आजकल इसमें भी काफी मॉडर्न तरह की सिल्वर बिछिया देखने को मिल जाएंगी।

बात अगर सही डिजाइन चुनने की करें तो इसके लिए हमें अपने पैरों के आकार को समझना चाहिए। खासकर चौड़े पैरों वालों को अपने लिए बिछिया चुनते समय परेशानी का सामना करना पड़ता है। तो आइये देखते हैं बिछिया की खूबसूरत डिजाइंस-

### फ्लोरल बिछिया डिजाइन

ज्यादा हैवी और फैंसी डिजाइन की बिछिया नहीं पहनना चाहती हैं तो इस तरीके के प्लेन दिखने वाली फ्लावर डिजाइन वाली बिछिया आपके लिए बेस्ट रहेंगी आप चाहें तो फैंसी लुक के लिए स्टोन में 2 से 3 रंगों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके अलावा एक से ज्यादा उंगलियों में एक जैसी दिखने वाली बिछिया पहन सकती हैं।



### प्लेन डिजाइन सिल्वर बिछिया

वैसे तो बिछिया में आपको कई डिजाइंस और साइज देखने को मिल जाएंगे, लेकिन डेली वियर और सिंपल लुक के लिए इस तरह की प्लेन सिल्वर की बिछिया आपके लिए बेहद खास साबित हो सकती है। इसमें आपको काफी सारे अलग-अलग आकार की बिछिया देखने को मिल जाएंगी।

## करेले के जूस को हेयर केयर रूटीन में शामिल कीजिए

करेले के जूस का नाम सुनते ही अक्सर लोग टेढ़े-मेढ़े मुंह बनाने लगते हैं। करेले का जूस कड़वा होता है और इसलिए अमूमन लोग इस पीने से बचते हैं। लेकिन करेले का जूस अपने औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है और इसलिए, अपने हेयर ग्रोथ में शामिल करने से आपको काफी फायदा मिल सकता है। अपने एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुणों की वजह से यह डैंड्रफ से लड़ने में सहायक है। इतना ही नहीं, इसमें मौजूद विटामिन ए, सी और आयरन हेयर ग्रोथ में मददगार है। साथ ही साथ, इससे हेयर फॉल की समस्या भी दूर होती है। बहुत कम लोगों को इस बात की जानकारी है कि यह स्कैल्प के संक्रमण को भी कम करने में सहायक है। करेले के जूस के हेयर बेनिफिट्स अनगिनत हैं और इसलिए आपको इसे जरूर इस्तेमाल करना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में आरवीएमयूए एकेडमी की फाउंडर, सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट और स्किन केयर एक्सपर्ट रिया वशिष्ट आपको बता रही हैं कि अपने बालों का ख्याल रखने के लिए करेले के जूस का इस्तेमाल किस तरह कर सकती हैं-

करेले का जूस और मेथी के बीज से बना हेयर ग्रोथ पैक

यह एक हेयर ग्रोथ पैक है और सप्ताह में एक बार इसके इस्तेमाल से आपके बाल तेजी से बढ़ने लगेंगे। यह पैक बालों की जड़ों को मजबूत बनाता है, जिससे बाल टूटते और झड़ते नहीं हैं।



### इस्तेमाल करने का तरीका-

सबसे पहले मेथी के बीज को रातभर भिगो दें और फिर उसे पीसकर पेस्ट बना लें। अब आप करेले के जूस में मेथी के पेस्ट को मिक्स करके एक पैक बना लें।अब इस मिश्रण को अपने स्कैल्प और बालों पर लगाएं। इसे 30-40 मिनट तक लगा रहने दें और गुनगुने पानी और माइल्ड शैम्पू से धो लें।

### करेला और एलोवेरा से करें स्कैल्प की देखभाल

एलोवेरा और करेले के एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण रेडनेस, सूजन और खुजली को शांत करने में मदद करते हैं। इस पैक की मदद से डैंड्रफ और रूखेपन जैसी समस्याएं कम होती हैं।

कार्नर न्यूज

मेंस फैशन में बालों की रिबांडिंग कराना ट्रेंड में

## बालों में रिबॉन्डिंग कराना चाहते हैं तो पहले इन बातों को जरूर जान लें, मिलेगा बेस्ट रिजल्ट

पुरुष भी अब रिबॉन्डिंग कराते हैं और कई दफा बिना सोचे-समझे भी करा लेते हैं। लेकिन रिबॉन्डिंग एक ऐसा ट्रीटमेंट है जिसको कराने से पहले हेयर केयर टिप्स जरूर आजमा लेने चाहिए। इन टिप्स के बिना रिबॉन्डिंग का बालों पर असर अच्छा नहीं होगा और इस महंगे ट्रीटमेंट को कराकर आप सिर्फ पछताएंगे ही। इसलिए रिबॉन्डिंग कराने से पहले इन कुछ बातों को ध्यान कर लीजिए।

### नुकसान के लिए रहो तैयार

रिबॉन्डिंग के बाद बाल सीधे और फ्रिज फ्री हो जाते हैं। लेकिन इस ट्रीटमेंट के नुकसान भी हो सकते हैं। इससे बाल कमजोर हो सकते हैं। इसलिए एक्सपर्ट की राय के बाद ही इस ट्रीटमेंट के लिए आगे बढ़ें।

टच अप हो जाता है जरूरी

रिबॉन्डिंग में बाल हमेशा ही सीधे रहते हैं, ऐसा एक्सपर्ट कहते हैं और ये सही भी है लेकिन। ये बात नए निकले बालों के लिए सही नहीं है। नए निकलने वाले बालों के लिए आपको टच अप कराना होगा जो आपके बालों को कमजोर करने में



कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इसलिए सोच समझ कर ही ये ट्रीटमेंट लें.

### महंगे प्रोडक्ट पर खर्चा

रिबॉन्डिंग से होने वाले नुकसान से बचने के लिए ही महंगे प्रोडक्ट इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है। इन महंगे प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने के लिए खूब खर्चा करना होगा। इसके लिए भी तैयार रहिए।

### 72 घंटे वाला नियम

रिबॉन्डिंग कराने के बाद 72 घंटे वाला नियम भी लागू हो जाता है। दरअसल ट्रीटमेंट को बालों पर अच्छे से असर करने के लिए अगले 72 घंटे बालों को धोना नहीं होता है। ये बहुत जरूरी नियम है।

### हीट ट्रीटमेंट से रहें दूर

रिबॉन्डिंग के बाद आपको किसी भी तरह के हीट ट्रीटमेंट से दूर रहना होगा। अगर आप ड्रायर या स्ट्रेटनर इस्तेमाल करते हैं तो इन्हें बंद करना होगा, क्योंकि इससे बालों को ज्यादा नुकसान होगा।

